शत्रुओं के नाश से इस सारे त्रिलोक की रक्षा की है । युद्ध भूमि में उन शत्रुओं को मार कर स्वर्ग प्राप्त कराया है । उन्मत असुरों से हुए हमारे भय को भी दूर किया है । आपको नमस्कार है ।

शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके ।
घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन च ॥ २४॥

शूलेन = शूल से
पाहि = रक्षा करो
नो = हमारे
देवि = हे देवी
पाहि = रक्षा करो
खड्गेन = तलवार से
च = और
अम्बिके= अम्बिका
घण्टास्वनेन = घंटे की आवाज़ से
नः =हमारी
पाहि = रक्षा करो
चापज्यानिःस्वनेन = धनुष की टंकार से
च = और

हे देवी शूल से हमारी रक्षा करो, और अम्बिका तलवार से और घंटे की आवाज़ से और धनुष की टंकार से हमारी रक्षा करो ।

प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे । भ्रामणेनात्मशूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि ॥ २५॥

प्राच्यां = पूर्व से

रक्ष = रक्षा करें
प्रतीच्यां = पश्चिम
च = और
चण्डिके = चण्डिका
रक्ष = रक्षा करो
दक्षिणे = दक्षिण से
भ्रामणेन= घुमा कर
आत्मशूलस्य = अपने शूल को
उत्तरस्यां = उत्तर
तथा = और
ईश्वरि= हे ईश्वरी

हे चण्डिका पूर्व से, पश्चिम और पश्चिम से रक्षा करो, और हे ईश्वरी अपने त्रिशूल को घुमा कर उत्तर से हमारी रक्षा करो ।

सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते ।
यानि चात्यन्तघोराणि तै रक्षास्मांस्तथा भुवम् ॥ २६॥

सौम्यानि = सौम्य
यानि = जो
रूपाणि = रूप
त्रैलोक्ये = तीनों लोकों में
विचरन्ति = घूमते हैं
ते = आपके
यानि = जो
च = और
अत्यन्तघोराणि = अत्यंतर भयंकर
तै = उनसे
रक्षा
अस्मां = हमारी
तथा = और
भुवम् = संसार की

तीनों लोकों में जो तुम्हारे सौम्य और अत्यंत भयंकर रूप घुमते हैं उनसे हमारी और संसार की रक्षा करो ।

खड्गशूलगदादीनि यानि चास्त्रानि तेऽम्बिके ।
करपल्लवसङ्गीनि तैरस्मान् रक्ष सर्वतः ॥ २७॥

खड्ग शूल गदादीनि= खड्ग शूल गदा आदि
यानि = जो
च= और
अस्त्रानि = अस्त्र
ते = आपके
अम्बिके = हे अम्बिका
करपल्लवसङ्गीनि =कमल जैसे हाथों के संगी हैं तै: = वे

अस्मान् रक्ष = हमारी रक्षा करे
सर्वतः= सब जगह

और हे अम्बिका खड्ग शूल गदा आदि जो अस्त्र आपके कमल जैसे हाथों के संगी हैं, वे सब जगह हमारी रक्षा करे ।

ऋषिरुवाच ॥ २८॥
ऋषि बोले ।

एवं स्तुता सुरैर्दिव्यैः कुसुमैर्नन्दनोद्भवैः ।
अर्चिता जगतां धात्री तथा गन्धानुलेपनैः ॥ २९॥

एवं = इस प्रकार
स्तुता = स्तुति की
सुरै: = देवताओं ने
दिव्यैः = दिव्य
कुसुमै:= फूलों से
नन्दन = नंदन वन में
उद्भवैः = उत्पन्न
अर्चिता = पूजा की
जगतां धात्री = जगत की धारण करने वाली देवी की
तथा = और
गन्धान उलेपनैः = गंध चन्दन से

इस प्रकार देवताओं ने जगत की धारण करने वाली देवी की नंदन वन में उत्पन्न दिव्य फूलों से स्तुति की और गंध, चन्दन से पूजा की

भक्त्या समस्तैस्त्रिदशैर्दिव्यैर्धूपैः सुधूपिता ।
प्राह प्रसादसुमुखी समस्तान् प्रणतान् सुरान् ॥ ३०॥

भक्त्या = भक्ति से
समस्तै: = सभी
त्रिदशै: = देवताओं
दिव्यै: धूपैः =दिव्या धूपों से
सुधूपिता = आघ्रापित
प्राह = बोली
प्रसादसुमुखी = प्रसन्न मुख वाली
समस्तान् = सभी
प्रणतान् = प्रणाम करते हुए
सुरान् = देवताओं को

सभी देवताओं से दिव्या धूपों से आघ्रापित प्रसन्न मुख वाली देवी सभी प्रणाम करते हुए देवताओं को बोली ।

देव्युवाच ॥ ३१॥
देवी बोलीं ।

व्रियतां त्रिदशाः सर्वे यदस्मत्तोऽभिवाञ्छितम् ॥ ३२॥

व्रियतां = कहो, मांगो
त्रिदशाः = देवताओं
सर्वे = सब
यत् = जो
अस्मत्त:= मुझसे
अभिवाञ्छितम् = अभिलाषित है

सब देवताओं जो अभिलाषित है मुझसे मांगों ।

देवा ऊचुः ॥ ३३॥

देवता बोले ।

भगवत्या कृतं सर्वं न किञ्चिदवशिष्यते ॥ ३४॥
भगवत्या = भगवती ने
कृतं = कर दिया
सर्वं = सब
न = नहीं
किञ्चिद= कुछ भी
अवशिष्यते = शेष है

भगवती ने सब कर दिया है, कुछ भी शेष नहीं है ।

यदयं निहतः शत्रुरस्माकं महिषासुरः ।

यदयं = जो इस
निहतः = मार दिया है
शत्रु: = शत्रु
अस्माकं = हमारे
महिषासुरः = महिसासुर को

जो हमारे इस शत्रु महिषासुर को मार दिया है ।

यदि चापि वरो देयस्त्वयास्माकं महेश्वरि ॥ ३५॥

यदि = यदि
चापि = और भी
वरो = वर
देय = देना है
त्वया = आपके द्वारा
अस्माकं = हमें

महेश्वरि = हे माहेश्वरी

हे माहेश्वरी यदि और भी वर आपके द्वारा हमें देना है..

संस्मृता संस्मृता त्वं नो हिंसेथाः परमापदः ।

संस्मृता संस्मृता= जब जब स्मरण करें
त्वं तुम
नो = हमारी
हिंसेथाः = नाश करो
परमापदः = परम आपदाओं का

जब जब स्मरण करें तुम हमारी परम आपदाओं का नाश करो ।

यश्च मर्त्यः स्तवैरेभिस्त्वां स्तोष्यत्यमलानने ॥ ३६॥

यश्च = और जो
मत्य।र्ः = मनुष्य
स्तवै: = स्तोत्रों से
एभि = इन
त्वां = तुम्हारी
स्तोष्यति = स्तुति करता है
अमलानने = प्रसन्नमुखी

हे प्रसन्न मुखी और जो मनुष्य इन स्तोत्रों से तुम्हारी स्तुति करता है

तस्य वित्तर्द्धि।विभवैर्धनदारादिसम्पदाम् । वृद्धयेऽस्मत्प्रसन्ना त्वं भवेथाः सर्वदाम्बिके ॥ ३७॥

तस्य = उसके
वित्तर्द्धि= वित्त ऋद्धि = वित्त,समृद्धि
विभवै: = वैभव
धनदारादि = धन, पत्नी आदि
सम्पदाम् = सम्पदा में
वृद्धये = वृद्धि करो
अस्मत् = हम से
प्रसन्ना = प्रसन्न
त्वं = तुम
भवेथाः = रहो
सर्वदा = हमेशा
अम्बिके = हे अम्बिका

उसके वित्त, ऋद्धि,धन पत्नी आदि संपत्ति में वृद्धि करो । हे अम्बिका आप हमसे हमेशा प्रसन्न रहो ।

ऋषिरुवाच ॥ ३८॥

ऋषि बोला ।

इति प्रसादिता देवैर्जगतोऽर्थे तथात्मनः ।
तथेत्युक्त्वा भद्रकाली बभूवान्तर्हिता नृप ॥ ३९॥

इति = इस प्रकार
प्रसादिता = प्रसन्न किया
देवै: = देवताओं ने
जगत: = संसार
अर्थे = कल्याण के लिए
तथा आत्मनः = इसी प्रकार तथेति= ऐसा ही हो
उक्त्वा = कह कर
भद्रकाली = भद्र काली
बभूवा= हो गयी
अन्तर्हिता = अंतर्ध्यान
नृप =हे राजा

इस प्रकार देवताओं ने संसार के तथा अपने कल्याण के लिए देवी को प्रसन्न किया । भद्र काली देवी ऐसा ही हो कह कर अंतर्ध्यान हो गयी ।

इत्येतत्कथितं भूप सम्भूता सा यथा पुरा ।
देवी देवशरीरेभ्यो जगत्त्रयहितैषिणी ॥ ४०॥

इत्येतत्कथितं = इति एतत कथितं = इस प्रकार ये कह दिया
भूप = हे राजा
सम्भूता = उतपन्न हुई
सा = वह
यथा = जैसे
पुरा = पूर्व काल में
देवी = देवी
देवशरीरेभ्यो = देवताओं के शरीर से
जगत्त्रय हितैषिणी = तीनों लोकों का कल्याण चाहने वाली

जिस प्रकार पूर्वकाल में तीनों लोकों का कल्याण चाहने वाली देवी देवताओं के शरीर से प्रकट हुई, हे राजन इस प्रकार ये कह दिया ।

पुनश्च गौरीदेहात्सा समुद्भूता यथाभवत् ।
वधाय दुष्टदैत्यानां तथा शुम्भनिशुम्भयोः ॥ ४१॥
रक्षणाय च लोकानां देवानामुपकारिणी ।

पुन: च = और दुबारा
गौरीदेहात् = पार्वती के शरीर से

सा = वह
समुद्भूता = प्रकट
यथा= जिस प्रकार
अभवत् = हुई
वधाय =वध करने के लिए
दुष्टदैत्यानां = दुष्ट दैत्यों
तथा = और
शुम्भनिशुम्भयोः = शुम्भ निशुम्भ के
रक्षणाय= रक्षा के लिए
च = और
लोकानां = लोकों की
देवानाम उपकारिणी = देवताओं का उपकार करने वाली

और दुबारा दुष्ट दैत्यों और शुम्भ निशुम्भ का वध करने के लिए और लोकों की रक्षा के लिए, देवताओं का उपकार करने वाली वह, पार्वती के शरीर से जिस प्रकार प्रकट हुई

तच्छृणुष्व मयाआख्यातं यथावत्कथयामि ते ॥ ४२॥

तत् = वह
शृणुष्व= सुनो
मया अख्यातं = मेरे द्वारा कहा गया
यथावत् = यथावत (जैसा घटित हुआ वैसा)
कथयामि = कहता हूँ, वर्णन करता हूँ
ते= तुम्हें

मेरे द्वारा कहा गया वह सुनो, तुम्हें यथावत् कहता हूँ ।

। ह्रीं ॐ ।
॥ स्वस्ति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये
शक्रादिस्तुतिर्नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४॥

पञ्चमोऽध्यायः
विनियोगः
अस्य श्री उत्तरचरित्रस्य रुद्र ऋषिः ।
श्रीमहासरस्वती देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । भीमा शक्तिः । भ्रामरी बीजम् ।
सूर्यस्तत्त्वम् ।
सामवेदः स्वरूपम् । श्रीमहासरस्वतीप्रीत्यर्थे उत्तरचरित्रपाठे
विनियोगः ।
ध्यानम्
घण्टाशूलहलानि शङ्खमुसले चक्रं धनुः सायकं हस्ताब्जैर्दधतीं घनान्तविलसच्छीतांशुतुल्यप्रभाम् । गौरीदेहसमुद्भवां त्रिजगतामाधारभूतां महा-

पूर्वामत्र सरस्वतीमनुभजे शुम्भादिदैत्यार्दिनीम् ॥

घण्टाशूलहलानि =घंटा, शूल, हल
शङ्खमुसले = शंख, मूसल
चक्रं धनुः सायकं= चक्र, धनुष। तीर
हस्ताब्जै: दधतीं = कर कमलों में धारण करती है
घनान्त = शरद ऋतु के
विलसत् शीतांशुतुल्यप्रभाम् = चमकते चाँद के सामान प्रभा वाली गौरीदेहसमुद्भवां = गौरी के शरीर से प्रकट हुई
त्रिजगताम् आधारभूतां = तीनों जगतों की आधारभूता
महापूर्वामत्र
सरस्वतीमनुभजे = सरस्वती का भजन करता / करती हूँ शुम्भादिदैत्यार्दिनीम् = शुम्भ आदि दैत्यों का नाश करने वाली

अपने करकमलों में घंटा, शूल, हल, शंख, मूसल, चक्र, धनुष, तीर धारण करने वाली, शरद ऋतु के चमकते चाँद के सामान प्रभा वाली, गौरी के शरीर से प्रकट हुई, तीनों जगतों की आधारभूता, शुम्भ आदि दैत्यों का नाश करने वाली सरस्वती का भजन करता / करती हूँ ।

ॐ क्लीं ऋषिरुवाच ॥ १॥

ऋषि बोले ।

पुरा शुम्भनिशुम्भाभ्यामसुराभ्यां शचीपतेः ।
त्रैलोक्यं यज्ञभागाश्च हृता मदबलाश्रयात् ॥ २॥

पुरा = पूर्व काल में
शुम्भनिशुम्भाभ्याम असुराभ्यां = शुम्भ और निशुम्भ असुरों ने शचीपतेः= शची के पति इंद्र से
त्रैलोक्यं = तीनों लोकों को
यज्ञभागाश्च = और यज्ञ भाग को
हृता = छीन लिया

मदबलाश्रयात्= बल के घमंड में आकर

पूर्व काल में शुम्भ और निशुम्भ असुरों ने बल के घमंड में आकर शची के पति इंद्र से तीनों लोकों को और यज्ञ भाग को छीन लिया ।

तावेव सूर्यतां तद्वदधिकारं तथैन्दवम् ।
कौबेरमथ याम्यं च चक्राते वरुणस्य च ॥ ३॥

तावेव = वे दोनों ही
सूर्यतां = सूर्य का
तद्वत् =उसी प्रकार
अधिकारं = अधिकारों का
तथा = इसी प्रकार
एन्दवम् = चन्द्रमा

कौबेरम = कुबेर का
अथ = तब
याम्यं = यम का
च = और
चक्राते = सञ्चालन करने लगे
वरुणस्य = वरुण का
च =और

उसी प्रकार वे दोनों ही सूर्य के, इसी प्रकार चन्द्रमा, तब कुबेर और याम के और वरुण के अधिकारों का सञ्चालन करने लगे ।

तावेव पवनर्द्धिं च चक्रतुर्वह्निकर्म च ।

तावेव = वे दोनों ही
पवनर्द्धिं = वायु
च = और
चक्रतु: = करने लगे
वह्निकर्म च = और आग के कार्य

और वे दोनों ही वायु और अग्नि के कार्यों को करने लगे ।

ततो देवा विनिर्धूता भ्रष्टराज्याः पराजिताः ॥ ४॥

ततो = तब
देवा = देवताओं को
विनिर्धूता: = निकाल दिया गया
भ्रष्टराज्याः = राज्यभ्रष्ट
पराजिताः= पराजित

तब पराजित देवताओं को राष्ट्रभ्रष्ट कर निकाल दिया गया ।

हृताधिकारास्त्रिदशास्ताभ्यां सर्वे निराकृताः । महासुराभ्यां तां देवीं संस्मरन्त्यपराजिताम् ॥ ५॥

हृताधिकारा: = अधिकार हीन
त्रिदशास्ताभ्यां = देवताओं ने
सर्वे = सब
निराकृताः= अपमानित, निकाले गए
महासुराभ्यां= दोनों महान असुरों द्वारा
तां = उस
देवीं = देवी का
संस्मरन्त्ति = स्मरण किया
अपराजिताम् = अपराजिता

दोनों महान असुरों द्वारा निकाले गए अधिकार हीन देवताओं ने उस अपराजिता देवी का स्मरण किया ।

तयास्माकं वरो दत्तो यथापत्सु स्मृताखिलाः । भवतां नाशयिष्यामि तत्क्षणात्परमापदः ॥ ६॥

तया = उसने
अस्माकं = हमें
वरो = वरदान
दत्तो = दिया था
यथा = जिस प्रकार, कि
आपत्सु = आपत्ति के समय
स्मृता = स्मरण करने पर
अखिलाः = सभी
भवतां = भविष्य में
नाशयिष्यामि = नाश करुँगी
तत्क्षणात्= उसी क्षण
परमापदः= परम आपदाओं का

उसने हमे वरदान दिया था कि भविष्य में आपत्ति के समय स्मरण करने पर उसी क्षण सभी परम आपदाओं का नाश करुँगी ।

इति कृत्वा मतिं देवा हिमवन्तं नगेश्वरम् ।
जग्मुस्तत्र ततो देवीं विष्णुमायां प्रतुष्टुवुः ॥ ७॥

इति = इस प्रकार
कृत्वा = कर
मतिं = सोच
देवा = देवता
हिमवन्तं = हिमालय पर
नगेश्वरम् = गिरिराज
जग्मु:= गए
तत्र = वहाँ
ततो = तब
देवीं = देवी
विष्णुमायां = विष्णुमाया की
प्रतुष्टुवुः -= स्तुति की

इस प्रकार सोच कर देवता गिरिराज हिमालय पर गए । तब वहाँ देवी विष्णुमाया की स्तुति की ।

देवा ऊचुः ॥ ८॥

देवता बोले ।

नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः ।
नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम् ॥ ९॥

नमो = नमन है
देव्यै = देवी को
महादेव्यै = महा देवी को
शिवायै= कल्याणकारी देवी को
सततं = हमेशा
नमः = नमन करते हैं
नमः = नमन
प्रकृत्यै = प्रकृति (सृजन का मूल) को
भद्रायै = भद्रा(शुभ) को
नियताः = एकाग्रता से
प्रणताः = प्रणाम करते हैं
स्म = हमेशा
ताम् = उसे

देवी को नमन है, कल्याणकारी महादेवी को हमेशा नमन है, प्रकृति, भद्रा को नमन है, उस देवी को हम एकाग्रता से हमेशा प्रणाम करते हैं ।

रौद्रायै नमो नित्यायै गौर्यै धात्र्यै नमो नमः ।
ज्योत्स्नायै चेन्दुरूपिण्यै सुखायै सततं नमः ॥ १०॥

रौद्रायै = रौद्रा को
नमो = नमन है
नित्यायै = नित्या
गौर्यै = गौरी को
धात्र्यै = धात्री को
नमो नमः = नमन है नमन है
ज्योत्स्नायै = ज्योत्सनामयी
चेन्दुरूपिण्यै = चन्द्ररूपणी
सुखायै = सुख स्वरूपा को

सततं नमः = लगातार नमन है

रौद्रा को नमन है,नित्या, गौरी को, धात्री को नमन है नमन है। ज्योत्सत्सनामयी, चन्द्ररूपणी, सुख स्वरूपा को लगातार नमन है ।

कल्याण्यै प्रणतां वृद्ध्यै सिद्ध्यै कुर्मो नमो नमः । नैरृत्यै भूभृतां लक्ष्म्यै शर्वाण्यै ते नमो नमः ॥ ११॥

कल्याण्यै = कल्याण कारी
प्रणता = प्रणाम है
वृद्ध्यै = वृद्धि
सिद्ध्यै = सिद्धि
कुर्मो = आधार
नमो नमः = नमन है नमन है
नैरृत्यै = राक्षसों की नैऋति भूभृतां = राजाओं की
लक्ष्म्यै = लक्ष्मी
शर्वाण्यै = शर्वाणी

ते = आपको
नमो नमः = नमन है नमन है

कल्याणकारी देवी को प्रणाम है, वृद्धि और सिद्धि की आधार देवी को नमन है, नमन है, नैऋति, राजाओं की लक्ष्मी, शिवपत्नी आपको नमन है, नमन है ।

दुर्गायै दुर्गपारायै सारायै सर्वकारिण्यै ।
ख्यात्यै तथैव कृष्णायै धूम्रायै सततं नमः ॥ १२॥

दुर्गायै = दुर्गा
दुर्गपारायै = दुर्गपारा (संकट में पार उतारने वाली)
सारायै = सारा (सारभूत)
सर्वकारिण्यै = सर्वकारिणी
ख्यात्यै = ख्याति
तथैव = इसी प्रकार ही
कृष्णायै=कृष्णा
धूम्रायै = धूम्रा देवी को

सततं नमः = हमेशा नमन है

दुर्गायै = दुर्गा, दुर्गपारा (संकट में पार उतारने वाली), सारा (सारभूत), सर्वकारिणी, ख्याति, इसी प्रकार ही कृष्णा, धूम्रा देवी को हमेशा नमन है ।

अतिसौम्यातिरौद्रायै नतास्तस्यै नमो नमः ।
नमो जगत्प्रतिष्ठायै देव्यै कृत्यै नमो नमः ॥ १३॥

अति सौम्य = अत्यंत सौम्य
अतिरौद्रायै = अत्यंत रौद्र रूपा
नतास्तस्यै = उसको नमस्कार करते है
नमो नमः = बार बार नमन करते हैं
नमो = नमन है
जगत्प्रतिष्ठायै = जगत की आधारभूता
देव्यै = देवी को
कृत्यै = करते हैं

नमो नमः = बार बार नमन

अत्यंत सौम्य, अत्यंत रौद्र रूपा उसको नमस्कार करते है, बार बार नमन करते हैं, जगत की आधारभूता को नमन है, देवी को बार बार नमन है ।

या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ १४-१६॥

या = जो

देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
विष्णुमायेति विष्णु माया इति = विष्णुमाया इस प्रकार
शब्दिता = कही जाती है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में विष्णुमाया इसप्रकार कही जाती है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ १७-१९॥

या देवी सर्वभूतेषु = जो देवी सब प्राणियों में
चेतन: इति अभिधीयते = चेतना इस प्रकार कहलाती है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में चेतना इस प्रकार कहलाती है, उसको नमस्कार है , उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ २०-२२॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
बुद्धिरूपेण = बुद्धि के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में बुद्धि के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है , उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु निद्रारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ २३-२५॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
निद्रारूपेण = निद्रा के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है

नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में निद्रा के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है , उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु क्षुधारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ २६-२८॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
क्षुधारूपेण = भूख के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में भूख के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु छायारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ २९-३१॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
छायारूपेण = छाया के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में छाया के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ३२-३४॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
शक्तिरूपेण = शक्ति के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में शक्ति के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है,

उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु तृष्णारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ३५-३७॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
तृष्णारूपेण = तृष्णा के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में तृष्णा के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है , उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु क्षान्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ३८-४०॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
क्षान्तिरूपेण = क्षमा के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में क्षमा के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु जातिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ४१-४३॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
जातिरूपेण = जाति के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में जाति के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु लज्जारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ४४-४६॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
लज्जारूपेण =लज्जा के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में लज्जा के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु शान्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ४७-४९॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
शान्तिरूपेण = शान्ति के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में शान्ति के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है , उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु श्रद्धारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ५०-५२॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
श्रद्धारूपेण = श्रद्धा के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में श्रद्धा के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु कान्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ५३-५५॥
या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
कान्तिरूपेण = कान्ति(चमक, सौंदर्य) के रूप में

संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में कान्ति के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है , उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ५६-५८॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
लक्ष्मीरूपेण = लक्ष्मी के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में लक्ष्मी के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु वृत्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ५९-६१॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
वृत्तिरूपेण = वृत्ति के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में वृत्ति के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है , उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु स्मृतिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ६२-६४॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
स्मृतिरूपेण = स्मृति के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में स्मृति के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है , उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ६५-६७॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
दयारूपेण = दया के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में दया के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ६८-७०॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
तुष्टिरूपेण = तुष्टि के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में तुष्टि के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है , उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ७१-७३॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
मातृरूपेण = माता के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में माता के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

या देवी सर्वभूतेषु भ्रान्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ७४-७६॥

या = जो
देवी = देवी
सर्वभूतेषु = सब प्राणियों में
भ्रान्तिरूपेण = भ्रान्ति के रूप में
संस्थिता = स्थित है
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो देवी सब प्राणियों में भ्रान्ति के रूप में स्थित है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है,बारम्बार नमस्कार है ।

इन्द्रियाणामधिष्ठात्री भूतानां चाखिलेषु या ।
भूतेषु सततं तस्यै व्याप्तिदेव्यै नमो नमः ॥ ७७॥

इन्द्रियाणाम् अधिष्ठात्री = इन्द्रियों की अधिष्ठात्री(मुखिया) हैं
भूतानां = प्राणियों की
च= और
अखिलेषु = सभी
या = जो
भूतेषु = प्राणियों में
सततं = सदा
तस्यै = उस
व्याप्त्यै= व्याप्त है
देव्यै = देवी को
नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो सभी प्राणियों की इन्द्रियों की अधिष्ठात्री(मुखिया) हैं और सभी प्राणियों में सदा व्याप्त हैं, उस देवी को बारम्बार नमस्कार है ।

चितिरूपेण या कृत्स्नमेतद् व्याप्य स्थिता जगत् ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ७८-८०॥

चितिरूपेण = चैतन्य रूप से
या = जो
कृत्स्नम्= कर के
एतत्= इस
व्याप्य = व्याप्त
स्थिता = स्थित हैं
जगत् = संसार को
नमस्तस्यै= नमः तस्यै = उसको नमस्कार है नमो नमः = बारम्बार नमस्कार है

जो चैतन्य रूप से इस जगत को व्याप्त करके स्थित हैं उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, उसको नमस्कार है, बारम्बार नमस्कार है ।

स्तुता सुरैः पूर्वमभीष्टसंश्रया-
त्तथा सुरेन्द्रेण दिनेषु सेविता ।
करोतु सा नः शुभहेतुरीश्वरी
शुभानि भद्राण्यभिहन्तु चापदः ॥ ८१॥

स्तुता = स्तुति की
सुरैः = देवताओं ने
पूर्वम्= पूर्वकाल में
अभीष्टसंश्रयात् = अभीष्ट की प्राप्ति होने से तथा = इसी प्रकार
सुरेन्द्रेण = देवराज इंद्र ने
दिनेषु = रोज
सेविता = सेवा की
करोतु = करे
सा = वह
नः = हमारा
शुभहेतु: ईश्वरी= कल्याण की साधनभूता ईश्वरी
शुभानि = कल्याण
भद्राण्य = मंगल करे
अभिहन्तु = नाश करे
च= और
आपदः = आपदाओं का

पूर्वकाल में अभीष्ट की प्राप्ति होने से देवताओं ने स्तुति की, इसी प्रकार देवराज न्द्र ने रोज़ सेवा की वह कल्याण की साधनभूता ईश्वरी हमारा कल्याण और मंगल करे और आपदाओं का नाश करे ।

या साम्प्रतं चोद्धतदैत्यतापितै-
रस्माभिरीशा च सुरैर्नमस्यते ।
या च स्मृता तत्क्षणमेव हन्ति नः
सर्वापदो भक्तिविनम्रमूर्तिभिः ॥ ८२॥

या = जो
साम्प्रतं = अब
च = और
उद्धत दैत्य तापितै = उद्दंड दैत्यों से सताए हुए अस्माभि:= हम
ईशा = ईश्वरी को
च = और
सुरै:= देवता
नमस्यते = नमस्कार करते हैं
या = जो
च = और

स्मृता = स्मरण करने पर
तत्क्षणम एव = उसी क्षण ही
हन्ति = नाश करे
नः= हमारी
सर्व आपदो = सभी आपदाओं का
भक्ति विनम्र मूर्तिभिः= भक्ति से विनम्र हो

और जो उद्दंड दैत्यों से सताए हुए हम देवताओं की ईश्वरी है और जो भक्ति से विनम्र हो स्मरण करने पर उसी क्षण ही हमारी सभी आपदाओं नष्ट करती है |
(उसे हम) इस समय नमस्कार करते हैं ।

ऋषिरुवाच ॥ ८३॥

ऋषि बोला ।

एवं स्तवाभियुक्तानां देवानां तत्र पार्वती ।
स्नातुमभ्याययौ तोये जाह्नव्या नृपनन्दन ॥ ८४॥

एवं = इस प्रकार
स्तवाभियुक्तानां = स्तुति करने पर
देवानां = देवताओं के द्वारा
तत्र= वहां
पार्वती= पार्वती
स्नातुम = स्नान के लिए
अभ्याययौ= आई
तोये = पानी में
जाह्नव्या= गंगा के
नृपनन्दन = हे राजा

हे राजा इस प्रकार देवताओं के द्वारा स्तुति करने पर पार्वती गंगा के पानी में स्नान करने के लिए वहां आई ।

साब्रवीत्तान् सुरान् सुभ्रूर्भवद्भिः स्तूयतेऽत्र का । शरीरकोशतश्चास्याः समुद्भूताब्रवीच्छिवा ॥ ८५॥

सा = वह
अब्रवीत् = बोली
तान् = उन
सुरान् = देवताओं से
सुभ्रू:= सुन्दर भोहों वाली
भवद्भिः = आप
स्तूयतेऽत्र = यहां स्तुति करते हैं का = किस की
शरीरकोशत्= शरीर से
च = और
अस्याः = उसके
समुद्भूता= प्रकट हुई
अब्रवीत् = बोली

शिवा = शिवा देवी

सुन्दर भोहों वाली वह उन देवताओं से बोलीं, आप यहां किस की स्तुति करते हैं और उसके शरीर से प्रकट हुई शिवा देवी बोलीं ।

स्तोत्रं ममैतत्क्रियते शुम्भदैत्यनिराकृतैः ।
देवैः समेतैः समरे निशुम्भेन पराजितैः ॥ ८६॥

स्तोत्रं = स्तोत्र
मम एतत् = मेरा ये
क्रियते = कर रहे हैं
शुम्भदैत्य= शुम्भदैत्य से
निराकृतैः = अपमानित
देवैः = देवता
समेतैः = इकट्ठे हुए
समरे = युद्ध में
निशुम्भेन = निशुम्भ से
पराजितैः = पराजित हो

शुम्भदैत्य से अपमानित, युद्ध में निशुंभ से पराजित हो इकट्ठे हुए देवता मेरा ये स्तोत्र कर रहे हैं ।

शरीरकोशाद्यत्तस्याः पार्वत्या निःसृताम्बिका ।
कौशिकीति समस्तेषु ततो लोकेषु गीयते ॥ ८७॥

शरीरकोशात् = शरीर कोश से
यत् = क्यूंकि
तस्याः = उस
पार्वत्या = पार्वती के
निःसृत अम्बिका = अम्बिका प्रकट हुई
कौशिकी इति = कोशिकी, इस प्रकार
समस्तेषु = सारे
ततो = इसलिए
लोकेषु= लोकों में
गीयते = कही जाती है

क्यूंकि अम्बिका उस पार्वती के शरीरकोश से प्रकट हुई, इसलिए सारे लोकों में कौशिकी इस प्रकार कही जाती है ।

तस्यां विनिर्गतायां तु कृष्णाभूत्सापि पार्वती ।
कालिकेति समाख्याता हिमाचलकृताश्रया ॥ ८८॥

तस्यां = उस कौशिकी के
विनिर्गतायां = निकलने के बाद
तु = और
कृष्णाभूत् = काली हो गयी

सा अपि = वह भी
पार्वती = पार्वती
कालिकेति= कालिका देवी इस प्रकार
समाख्याता = विख्यात हुई
हिमाचलकृताश्रया = हिमाचल पर रहने वाली

और उस कौशिकी के निकलने के बाद वह पार्वती भी काली हो गयी, (और) हिमाचल पर रहने वाली कालिका देवी इस प्रकार विख्यात हुईं ।

ततोऽम्बिकां परं रूपं बिभ्राणां सुमनोहरम् ।
ददर्श चण्डो मुण्डश्च भृत्यौ शुम्भनिशुम्भयोः ॥ ८९॥

ततो अम्बिकां = तब अम्बिका को
परं = परम
रूपं = रूप
बिभ्राणां = धारण करने वाली
सुमनोहरम् = मनोहर
ददर्श= देखा
चण्डो मुण्डश्च = चंड और मुंड ने
भृत्यौ शुम्भनिशुम्भयोः = शुम्भनिशुम्भ के सेवक

तब परम मनोहर रूप धारण करने वाली अम्बिका को शुम्भनिशुम्भ के सेवक चंड और मुंड ने देखा ।

ताभ्यां शुम्भाय चाख्याता अतीव सुमनोहरा ।
काप्यास्ते स्त्री महाराज भासयन्ती हिमाचलम् ॥ ९०॥

ताभ्यां = उनके द्वारा
शुम्भाय = शुम्भ को
आख्याता = बताया गया
च= और
सा= वह
अतीव = अत्यंत
सुमनोहरा = मनोहर
काप्यास्ते = का अपि = कोई
आस्ते = वहां है,स्थित है
स्त्री = स्त्री
महाराज = हे महराज
भासयन्ती = प्रकाशित कर रही है
हिमाचलम् = हिमालय को

उनके द्वारा शुम्भ को बताया गया कि कोई अत्यंत मनोहर स्त्री वहां है जो हिमालय को प्रकाशित कर रही है ।

नैव तादृक् क्वचिद्रूपं दृष्टं केनचिदुत्तमम् ।
ज्ञायतां काप्यसौ देवी गृह्यतां चासुरेश्वर ॥ ९१॥

नैव = न एव = ना ही
तादृक् = उसके जैसा
क्वचित् = कहीं
रूपं = कोई रूप
दृष्टं = देखा
केनचित्= किसी का
उत्तमम् = उत्तम
ज्ञायतां = पता लगाइये
काप्य असौ = कौन यह
देवी = देवी है
गृह्यतां = ग्रहण करो
च= और
असुरेश्वर= असुरराज

उसके जैसा उत्तम रूप किसीका और कहीं नहीं देखा । हे असुरराज पता लगाइये यह देवी कौन है और ग्रहण कीजिये ।

स्त्रीरत्नमतिचार्वङ्गी द्योतयन्ती दिशस्त्विषा ।
सा तु तिष्ठति दैत्येन्द्र तां भवान् द्रष्टुमर्हति ॥ ९२॥

स्त्रीरत्नम् = स्त्रियों में रतन है
अतिचार्वङ्गी = अति चारु अंगी = अत्यंत सुन्दर अंगों की
द्योतयन्ती = प्रकाशित कर रही है
दिश:= दिशाओं को
त्विषा = चमक से
सा = वह
तु = = निश्चय ही
तिष्ठति = स्थित है
दैत्येन्द्र = दैत्यराज
तां = वह
भवान् = आप
द्रष्टुम् = देखने
अर्हति= योग्य है

वह स्त्रियों में रतन है, अत्यंत सुन्दर अंगों की चमक से दिशाओं को प्रकाशित करती हुई स्थित है, वह निश्चित ही आपके देखने योग्य है ।

यानि रत्नानि मणयो गजाश्वादीनि वै प्रभो ।
त्रैलोक्ये तु समस्तानि साम्प्रतं भान्ति ते गृहे ॥ ९३॥

यानि = जो भी
रत्नानि = रत्न
मणयो = मणि
गजाश्वादीनि = हाथी, घोड़े आदि
वै = वे
प्रभो = प्रभु

त्रैलोक्ये = तीनों लोक में तु = निश्चित रूप से
समस्तानि = सब
साम्प्रतं = अब
भान्ति = चमक रहे हैं
ते = तुम्हारे
गृहे = घर में

तीनों लोकों में मणि, हाथी, घोड़े आदि जो भी रत्न हैं, वे वे सब निश्चित रूप से अब आपके घर में चमक रहे हैं ।

ऐरावतः समानीतो गजरत्नं पुरन्दरात् ।
पारिजाततरुश्चायं तथैवोच्चैःश्रवा हयः ॥ ९४॥

ऐरावतः = ऐरावतः
समानीतो = लिया गया
गजरत्नं = हाथियों में रत्न
पुरन्दरात् = इंद्र से
पारिजाततरु= पारिजात वृक्ष
च = और
अयं = यह
तथैव = वैसे ही
उच्चैःश्रवा = उच्चैःश्रवा
हयः= घोडा

इंद्र से लिया गया हाथियों में रत्न ऐरावत और यह पारिजात वृक्ष, वैसे ही उच्चैःश्रवा घोडा ।

विमानं हंससंयुक्तमेतत्तिष्ठति तेऽङ्गणे ।
रत्नभूतमिहानीतं यदासीद्वेधसोऽद्भुतम् ॥ ९५॥

विमानं = विमान
हंस संयुक्तम् एतत् = हंस से युक्त यह
तिष्ठति = स्थित है
ते अङ्गणे = आपके आँगन में
रत्नभूतम् = रत्न जड़ा
इह = यहां
आनीतं = लाया गया है
यदा = जो
आसीत्= था
वेधसो = ब्रह्मा का
अद्भुतम् = अद्भुत

हंसों से युक्त रत्नजड़ा अद्भुत विमान जो ब्रह्मा का था, यहां लाया गया आपके आँगन में स्थित है ।

निधिरेष महापद्मः समानीतो धनेश्वरात् । किञ्जल्किनीं ददौ चाब्धिर्मालामम्लानपङ्कजाम् ॥ ९६॥

निधि: = निधि
एष = ये
महापद्मः = महापद्म नामक
समानीतो = छीन लाये हैं
धनेश्वरात् = कुबेर से
किञ्जल्किनीं = किञ्जल्किनी
ददौ = दी है
च = और
अब्धि:= समुन्दर ने
मालाम्= माला
अम्लान पङ्कजाम् = न कुम्लाने वाले कमलों की

ये महापद्म नमक निधि कुबेर से छीन लाये हैं और समुन्दर ने ना कुम्लाने वाले कमलों की किञ्जल्किनीं माला दी है ।

छत्रं ते वारुणं गेहे काञ्चनस्रावि तिष्ठति ।
तथायं स्यन्दनवरो यः पुरासीत्प्रजापतेः ॥ ९७॥

छत्रं = छत्र
ते = और
वारुणं = वरुण का
गेहे = घर में
काञ्चनस्रावि = सोने की वर्षा करने वाला तिष्ठति = स्थित है
तथा= इसी प्रकार
अयं = ये
स्यन्दन वरो = श्रेष्ठ रथ
यः = जो
पुरा आसीत्= पहले था
प्रजापतेः प्रजापति का

और वरुण का सोने की वर्षा करने वाला छत्र आपके घर में स्थित है, इसी प्रकार श्रेष्ठ रथ जो पाले प्रजापति का था ।

मृत्योरुत्क्रान्तिदा नाम शक्तिरीश त्वया हृता ।
पाशः सलिलराजस्य भ्रातुस्तव परिग्रहे ॥ ९८॥

मृत्यो: = यम से
उत्क्रान्तिदा = उत्क्रान्तिदा
नाम = नाम की
शक्ति: = शक्ति
ईश = हे ईश्वर
त्वया = तुमने
हृता = छीन ली है

पाशः = पाश
सलिलराजस्य= सलिल राज वरुण का
भ्रातु: भाई ने
तव = तुम्हारे
परिग्रहे = छीन लिया है

हे ईश्वर तुमने यम से उत्क्रान्तिदा नाम की शक्ति छीन ली है,सलिल राज वरुण का पाश तुम्हारे भाई ने छीन लिया है ।

निशुम्भस्याब्धिजाताश्च समस्ता रत्नजातयः ।
वह्निरपि ददौ तुभ्यमग्निशौचे च वाससी ॥ ९९॥

निशुम्भस्य = निशुम्भ के
अब्धिजाता= समुन्दर से उत्पन्न
च = और
समस्ता =सब
रत्नजातयः = रत्नों के प्रकार
वह्नि: = अग्नि ने
अपि = भी
ददौ = दिए हैं
तुभ्यम् = तुम्हे
अग्निशौचे = अग्नि द्वारा शुद्ध किये
च = और
वाससी = वस्त्र

और निशुम्भ के पास समुन्दर से उत्पन्न सब रत्नों के प्रकार हैं और अग्नि ने भी अग्नि से शुद्ध वस्त्र तुम्हे दिए हैं ।

एवं दैत्येन्द्र रत्नानि समस्तान्याहृतानि ते । स्त्रीरत्नमेषा कल्याणी त्वया कस्मान्न गृह्यते ॥ १००॥

एवं = इस प्रकार
दैत्येन्द्र = दैत्यराज
रत्नानि = रत्न
समस्तानि = सब
आहृतानि = छीन लिए हैं
ते = तुमने
स्त्रीरत्नम् = स्त्रियों में रत्न
एषा= यह
कल्याणी = कल्याणी
त्वया = तुम्हारे द्वारा
कस्मात् न = किसलिए नहीं
गृह्यते अधिकृत की जाए

इस प्रकार तुमने दैत्यराज सब रत्न छीन लिए हैं, यह स्त्रियों में रत्न कल्याणी तुम्हारे द्वारा किसलिए नहीं अधिकृत की जाए ।

ऋषिरुवाच ॥ १०१॥

ऋषि बोला ।

निशम्येति वचः शुम्भः स तदा चण्डमुण्डयोः ।
प्रेषयामास सुग्रीवं दूतं देव्या महासुरम् ॥ १०२॥

निशम्येति = इस प्रकार सुन कर
वचः = वचन
शुम्भः = शुम्भ
स = वह
तदा = तब
चण्डमुण्डयोः = चण्डमुण्ड के
प्रेषयामास = पास भेजा
सुग्रीवं = सुग्रीव को
दूतं = दूत बना
देव्या = देवी के
महासुरम् = महासुर

चण्डमुण्ड के इस प्रकार के वचनों को सुनकर उस शुम्भ ने महासुर सुग्रीव को दूत बना कर देवी के पास भेजा ।

इति चेति च वक्तव्या सा गत्वा वचनान्मम ।
यथा चाभ्येति सम्प्रीत्या तथा कार्यं त्वया लघु ॥ १०३॥

इति चेति = इस प्रकार के
च = और
वक्तव्या = कहना
सा = उसको
गत्वा = जा कर
वचनान्मम = मेरे वचनों को यथा = जिससे
च = और
अभ्येति = पास आ जाए
सम्प्रीत्या = प्रसन्न हो
तथा = ऐसा
कार्यं = करना है
त्वया = तुम्हें
लघु = शीघ्र

और जा कर उसको इस प्रकार के मेरे वचनों को कहना और ऐसा तुम्हें करना है जिससे प्रसन्न हो कर शीघ्र (मेरे) पास आ जाए ।

स तत्र गत्वा यत्रास्ते शैलोद्देशेऽतिशोभने ।
तां च देवीं ततः प्राह श्लक्ष्णं मधुरया गिरा ॥ १०४॥

स = वह
तत्र = वहां
गत्वा = जा कर
यत्र= जहां
आस्ते = स्थित थी
शैलोद्देशे = पर्वतीय प्रदेश में अतिशोभने = अत्यंत सुन्दर
तां = उसे
च = और
देवीं = देवी को
ततः = तब,
प्राह = बोला
श्लक्ष्णं = कोमलता से
मधुरया = मीठी
गिरा = आवाज़ में

और वह वहां अत्यंत सुन्दर पर्वतीय प्रदेश में जा कर जहां देवी स्थित थी , उस देवी को तब मीठी वाणी में कोमलता से बोला ।

दूत उवाच ॥ १०५॥

दूत बोला ।

देवि दैत्येश्वरः शुम्भस्त्रैलोक्ये परमेश्वरः ।
दूतोऽहं प्रेषितस्तेन त्वत्सकाशमिहागतः ॥ १०६॥

देवि = हे देवी
दैत्येश्वरः = दैत्य राज
शुम्भ: = शुम्भ
त्रैलोक्ये = तीनों लोकों के
परमेश्वरः = स्वामी हैं
दूतः अहम् = मैं दूत हूँ
प्रेषित:= भेजा गया
तेन = उनके द्वारा
त्वत्सकाशम् = तुम्हारे पास
इह= यहां
आगतः= आया हूँ

हे देवी दैत्य राज शुम्भ तीनों लोकों के स्वामी हैं मैं उनके द्वारा भेजा गया दूत तुम्हारे पास यहां आया हूँ ।

अव्याहताज्ञः सर्वासु यः सदा देवयोनिषु ।
निर्जिताखिलदैत्यारिः स यदाह शृणुष्व तत् ॥ १०७॥

अव्याहता = पालन होता है
आज्ञः = आज्ञा का
सर्वासु = सब

यः = जिसकी
सदा = सदा
देवयोनिषु = देवताओं द्वारा निर्जिता = अपराजित
अखिलदैत्यारिः = सभी देवताओ से
स = उसने
यत् आह = जो कहा
शृणुष्व = सुनो
तत् = वह

सब देवताओं द्वारा जिसकी आज्ञा का पालन होता है, सभी देवताओ से अपराजित उसने जो कहा वह सुनो ।

मम त्रैलोक्यमखिलं मम देवा वशानुगाः ।
यज्ञभागानहं सर्वानुपाश्नामि पृथक् पृथक् ॥ १०८॥

मम = मेरे हैं
त्रैलोक्यम= तीनों लोक
अखिलं = सब
मम = मेरे
देवा = देवता
वशानुगाः= आज्ञाकारी हैं
यज्ञभागान् = यज्ञ भागों को
अहं = मैं
सर्वान् = सब
उपाश्नामि = प्राप्त करता हूँ
पृथक् पृथक् =अलग अलग

तीनों लोक मेरे हैं, सब देवता मेरे आज्ञाकारी हैं, सारे यज्ञ के भागों को मैं ही अलग अलग प्राप्त करता हूँ ।

त्रैलोक्ये वररत्नानि मम वश्यान्यशेषतः ।
तथैव गजरत्नं च हृतं देवेन्द्रवाहनम् ॥ १०९॥

त्रैलोक्ये = तीनों लोकों के
वररत्नानि = श्रेष्ठ रत्न
मम = मेरे
वश्यान् - वश में हैं
अशेषतः = सारे
तथैव = इसी प्रकार ही
गजरत्नं = हाथियों में रत्न
च = और
हृतं = छीन लिया है
देवेन्द्रवाहनम् = इंद्र का वाहन, ऐरावत

तीनों लोकों के श्रेष्ठ रतन मेरे वश में हैं और हाथियों में रत्न इंद्र का वाहन, ऐरावत छीन लिया है ।

क्षीरोदमथनोद्भूतमश्वरत्नं ममामरैः । उच्चैःश्रवससंज्ञं तत्प्रणिपत्य समर्पितम् ॥ ११०॥

क्षीरोदमथन्= समुन्दर मंथन से
उद्भूतम् = प्रकट हुआ
अश्वरत्नं = अश्वों में रत्न
मम = मुझे
अमरैः = देवताओं ने
उच्चैःश्रवस संज्ञं = उच्चैःश्रवस नाम का
तत्= वह
प्रणिपत्य = झुक कर
समर्पितम् = समर्पित कर दिया

समुन्दर मंथन से प्रकट हुआ उच्चैःश्रवस नाम का वह अश्वरत्न देवताओं ने झुक कर मुझे समर्पित कर दिया ।

यानि चान्यानि देवेषु गन्धर्वेषूरगेषु च ।
रत्नभूतानि भूतानि तानि मय्येव शोभने ॥ १११॥

यानि = जितने
च= और
अन्यानि = अन्य
देवेषु = देवताओं
गन्धर्वेषु=गन्धर्वों
उरगेषु = नागों
च = और
रत्नभूतानि = रत्नभूत
भूतानि = पदार्थ
तानि = वे
मय्येव = मेरे ही
शोभने= हे सुंदरी

हे सुंदरी और जितने अन्य रत्नभूत पदार्थ देवताओं, गन्धर्वों और नागों के पास थे, वे मेरे ही पास हैं ।

स्त्रीरत्नभूतां त्वां देवि लोके मन्यामहे वयम् ।
सा त्वमस्मानुपागच्छ यतो रत्नभुजो वयम् ॥ ११२॥

स्त्रीरत्नभूतां = स्त्रियों में रत्न हो
त्वां = तुम
देवि = देवी
लोके = संसार में
मन्यामहे = हम सोचते हैं, मानते हैं
वयम् = हम
सा = ऐसी, वह

त्वम्= तुम
अस्मान् = हमारे
उपागच्छ = पास आ जाओ
यतो = क्यों कि
रत्नभुजो = रत्नों को भोगने वाले
वयम् = हम

देवी हम मानते है तुम संसार में स्त्रियों में रत्न हो, ऐसी तुम हमारे पास आ जाओ, क्यों कि हम रत्नों को भोगने वाले हम हैं ।

मां वा ममानुजं वापि निशुम्भमुरुविक्रमम् ।
भज त्वं चञ्चलापाङ्गि रत्नभूतासि वै यतः ॥ ११३॥

मां = मेरी
वा = या
ममानुजं = मेरे भाई
वापि = या
निशुम्भम् उरुविक्रमम्= महा पराक्रमी निशुम्भ की भज = शरण में आ जाओ
त्वं = तुम
चञ्चलापाङ्गि = चंचल नेत्रों वाली
रत्नभूतासि = रत्न हो
वै = भी
यतः= जो

हे चंचल नेत्रों वाली जो तुम भी रत्न हो, या मेरी या मेरे पराक्रमी भाई निशुम्भ की शरण में आ जाओ ।

परमैश्वर्यमतुलं प्राप्स्यसे मत्परिग्रहात् ।
एतद् बुद्-ध्या समालोच्य मत्परिग्रहतां व्रज ॥ ११४॥

परम ऐश्वर्यम् = महान ऐश्वर्य की
अतुलं = तुलनारहित
प्राप्स्यसे = प्राप्ति होगी
मत्परिग्रहात् = मेरा वरन करने से
एतत् = यह
बुद्ध्या= बुद्धि से
समालोच्य = विचार कर
मत्परिग्रहतां = मेरा वरन करने के लिए
व्रज = बढ़ो, प्राप्त करो

मेरा वरन करने से तुलनारहित महान ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, यह बुद्धि से विचार कर मेरे वरन करने के लिए बढ़ो ।

ऋषिरुवाच ॥ ११५॥

ऋषि बोला ।

इत्युक्ता सा तदा देवी गम्भीरान्तःस्मिता जगौ ।
दुर्गा भगवती भद्रा ययेदं धार्यते जगत् ॥ ११६॥

इत्युक्ता इति उक्ता = इस प्रकार कहे जाने पर सा = वह
तदा = तब
देवी = देवी
गम्भीरान्तःस्मिता= मन में गंभीरता से हंसी जगौ = बोली
दुर्गा = दुर्गा
भगवती = भगवती
भद्रा = कल्याणमयी
ययेदं = यत इदं = जो इस
धार्यते = धारण करती है
जगत् = जगत को

(दूत द्वारा) इस प्रकार कहे जाने पर तब वह कल्याणमयी भगवती दुर्गा देवी जो इस जगत को धारण करती है मन में गंभीरता से हंसी और बोली ।

देव्युवाच ॥ ११७॥

देवी बोलीं ।

सत्यमुक्तं त्वया नात्र मिथ्या किञ्चित्त्वयोदितम् ।
त्रैलोक्याधिपतिः शुम्भो निशुम्भश्चापि तादृशः ॥ ११८॥

सत्यम् उक्तं = सत्य कहा है
त्वया = उमने
न = नही
अत्र = यहां
मिथ्या = झूट
किञ्चित्= कुछ
त्वया = तुम्हारे
उदितम् = कहे में
त्रैलोक्य अधिपतिः= तीनों लोकों के स्वामी
शुम्भो = शुम्भ
निशुम्भश्चापि = निशुंभ भी
तादृशः= वैसे ही हैं

तुमने सत्य कहा है, यहां तुम्हारे कहे में कुछ झूट नहीं है, शुम्भ तीनों लोकों के स्वामी हैं और निशुम्भ भी वैसे ही हैं ।

किं त्वत्र यत्प्रतिज्ञातं मिथ्या तत्क्रियते कथम् ।
श्रूयतामल्पबुद्धित्वात्प्रतिज्ञा या कृता पुरा ॥ ११९॥

किंतु = परन्तु
अत्र = यहां (इस विषय में)
यत् प्रतिज्ञातं = जो प्रतिज्ञा की है मिथ्या = झूट
तत् = वह
क्रियते = करूँ
कथम्= कैसे
श्रूयताम्= सुनो
अल्पबुद्धित्वात् = अल्प बुद्धि के कारण
प्रतिज्ञा= प्रतिज्ञा
या = जो
कृता = की है
पुरा = पहले

परन्तु यहां (इस विषय में) जो प्रतिज्ञा की है वह झूट कैसे करूँ, अल्प बुद्धि के कारण पहले जो प्रतिज्ञा की है वह सुनो ।

यो मां जयति सङ्ग्रामे यो मे दर्पं व्यपोहति ।
यो मे प्रतिबलो लोके स मे भर्ता भविष्यति ॥ १२०॥

यो = जो
मां = मुझे
जयति = जीतेगा
सङ्ग्रामे = युद्ध में
यो मे = जो मेरे
दर्पं = घमंड को
व्यपोहति = खंडित करेगा यो मे = जो मेरे
प्रतिबलो = समान बलि होगा
लोके = संसार में
स मे = वो मेरा
भर्ता = पति
भविष्यति = होगा

जो मुझे युद्ध में जीतेगा, जो मेरे घमंड को खंडित करेगा, जो संसार में मेरे समान बाली होगा वो मेरा पति होगा ।

तदागच्छतु शुम्भोऽत्र निशुम्भो वा महाबलः ।
मां जित्वा किं चिरेणात्र पाणिं गृह्णातु मे लघु ॥ १२१॥

तदा = तब
आगच्छतु = आ कर
शुम्भो= शुम्भ
अत्र = यहाँ
निशुम्भो = निशुम्भ
वा = अथवा
महाबलः = महाबली

मां = मुझे
जित्वा = जीत कर
किं चिरेण अत्र = यहां देर क्या है
पाणिं = हाथ
गृह्णातु = ग्रहण कर ले
मे = मेरा
लघु= शीघ्र

तब शुम्भ अथवा महाबली निशुम्भ यहां आ कर मुझे जीत कर शीघ्र मेरा हाथ ग्रहण कर लें, इसमें देर क्या है?

दूत उवाच ॥ १२२॥

दूत बोला ।

अवलिप्तासि मैवं त्वं देवि ब्रूहि ममाग्रतः ।
त्रैलोक्ये कः पुमांस्तिष्ठेदग्रे शुम्भनिशुम्भयोः ॥ १२३॥

अवलिप्तासि = घमंडी
मा =नहीं
एवं = ऐसा
त्वं = तुम
देवि = देवी
ब्रूहि = कहो
ममाग्रतः = मेरे आगे
त्रैलोक्ये तीनों लोकों में
कः = कौन
पुमां = मनुष्य
तिष्ठेत् = ठहरता है
अग्रे = आगे
शुम्भनिशुम्भयोः = शुम्भ निशुम्भ के

देवी तुम घमंडी हो, मेरे आगे ऐसा न कहो, तीनों लोकों में कौन मनुष्य शुम्भ निशुम्भ के आगे ठहर सकता है?

अन्येषामपि दैत्यानां सर्वे देवा न वै युधि ।
तिष्ठन्ति सम्मुखे देवि किं पुनः स्त्री त्वमेकिका ॥ १२४॥

अन्य एषाम = इन दूसरे
अपि= भी
दैत्यानां = दैत्यों के
सर्वे = सभी
देवा = देवता
न = नहीं
वै = निश्चित रूप से
युधि = युद्ध में
तिष्ठन्ति = ठहरते

सम्मुखे = आगे
देवि = देवी
किं पुनः तवं= फिर तुम्हारा क्या
स्त्री तवं ऐकिका= अकेली स्त्री

निश्चित ररप से सभी देवता इन दूसरे दैत्यों के सामने भी युद्ध में नहीं ठहरते, देवी तुम अकेली स्त्री हो तुम्हारा क्या?

इन्द्राद्याः सकला देवास्तस्थुर्येषां न संयुगे ।
शुम्भादीनां कथं तेषां स्त्री प्रयास्यसि सम्मुखम् ॥ १२५॥

इन्द्राद्याः = इंद्र आदि
सकला= सभी
देवा: = देवता
तस्थु: = खड़े होते
येषां = जिन
न = नहीं
संयुगे = साथ
शुम्भादीनां =शुम्भ आदि के
कथं = कैसे
तेषां = उसके
स्त्री = स्त्री
प्रयास्यसि = प्रयास
सम्मुखम् = आगे

इंद्र आदि देवता जिन शुम्भ आदि के साथ नहीं खड़े होते, उसके आगे स्त्री कैसे प्रयास करेगी ।

सा त्वं गच्छ मयैवोक्ता पार्श्वं शुम्भनिशुम्भयोः । केशाकर्षणनिर्धूतगौरवा मा गमिष्यसि ॥ १२६॥

सा = वह
त्वं = तुम
गच्छ = जाओ
मयैवोक्ता = मयि उक्त = मेरे कहने से
पार्श्वं = पास
शुम्भनिशुम्भयोः = शुम्भ निशुम्भ के
केशाकर्षण = बालों से खींचने पर
निर्धूतगौरवा = प्रतिष्ठा खो कर
मा = नहीं तो
गमिष्यसि = जाओगी

वह तुम मेरे कहने से शुम्भ निशुम्भ के पास चली जाओ, नहीं तो बालों से खींचने पर प्रतिष्ठा खो कर जाओगी ।

देव्युवाच ॥ १२७॥

देवी बोलीं ।

एवमेतद् बली शुम्भो निशुम्भश्चातिवीर्यवान् ।
किं करोमि प्रतिज्ञा मे यदनालोचिता पुरा ॥ १२८॥

एवमेतद् = ऐसा ही है
बली = बलवान
शुम्भो = शुम्भ
निशुम्भ:= निशुम्भ
च = और
अति = अत्यंत
वीर्यवान्= पराक्रमी
किं करोमि = क्या करूँ
प्रतिज्ञा = प्रतिज्ञा ली है
मे = मैंने
यद = जो
अनालोचिता = बिना सोचे
पुरा = पहले

ऐसा ही है, शुभ बलवान है और निशुम्भ भी अति पराक्रमी है, क्या करूँ मैंने पहले बिना सोचे प्रतिज्ञा ले ली है ।

स त्वं गच्छ मयोक्तं ते यदेतत्सर्वमादृतः । तदाचक्ष्वासुरेन्द्राय स च युक्तं करोतु यत् ॥ १२९॥

स त्वं = इसलिए तुम
गच्छ = जाओ
मयोक्तं मया उक्तं = मेरे द्वारा कहा गया
ते = तुम्हे
यत् = जो
एतत् = वो
सर्वं = सब
आदृत: = आदर से
तदा= तब
आचक्ष्वा = बोलना
असुरेन्द्राय = असुरराज से
स च = और वह
युक्तं = सही है
करोतु = करें
यत् = जो

इसलिए तुम जाओ, मेरे द्वारा तुम्हे जो कहा गया है वो सब आदर से असुरराज से बोलना, और वह तब जो सही है करें ।

॥ स्वस्ति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये देव्या दूतसंवादो नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५॥

षष्ठोऽध्यायः
ॐ नागाधीश्वरविष्टरां फणिफणोत्तंसोरुरत्नावली-
भास्वद्देहलतां दिवाकरनिभां नेत्रत्रयोद्भासिताम्। मालाकुम्भकपालनीरजकरां चन्द्रार्धचूडां परां सर्वज्ञेश्वरभैरवाङ्कनिलयां पद्मावतीं चिन्तये।।

ॐ
नागाधीश्वरविष्टरां = नागराज के सिंहासन पर बैठी
फणिफणोत्तं सोरुरत्नावली = नाग के फनो की उत्तम मणियों की विशाल माला से
भास्वद्देहलतां = उद्भासित देहलता वाली
दिवाकरनिभां = सूर्य के सामान तेज वाली
नेत्रत्रयोद्भासिताम्। = तीन नेत्रों से उद्भासित मालाकुम्भकपालनीरजकरां =हाथों में माला, कुम्भ, कपाल, कमल लिए चन्द्रार्धचूडां = अर्ध चन्द्र के मुकुट वाली
परां = परमोत्कृष्ट
सर्वज्ञेश्वरभैरवाङ्कनिलयां = सर्वज्ञेश्वर भैरव के आँख में निवास करने वाली

पद्मावतीं चिन्तये = पद्मावती देवी का चिंतन करते हैं ।

नागराज के सिंहासन पर बैठी, नाग के फनो की उत्तम मणियों की विशाल माला से उद्भासित देहलता वाली, सूर्य के सामान तेज वाली, तीन नेत्रों से उद्भासित, हाथों में माला, कुम्भ, कपाल, कमल लिए, अर्ध चन्द्र के मुकुट वाली सर्वज्ञेश्वर भैरव के आँख में निवास करने वाली, परमोत्कृष्ट पद्मावती देवी का चिंतन करते हैं ।

ॐ ऋषिरुवाच ॥ १॥
ऋषि बोले ।

इत्याकर्ण्य वचो देव्याः स दूतोऽमर्षपूरितः ।
समाचष्ट समागम्य दैत्यराजाय विस्तरात् ॥ २॥

इत्याकर्ण्य =इति आकर्ण्य= इस प्रकार सुन कर वचो = वचनों को
देव्याः = देवी के
स = वह
दूतो= दूत
अमर्षपूरितः = क्रोध से युक्त
समाचष्ट = बयान किया, बोला
समागम्य = पास जा कर
दैत्यराजाय = दैत्यराज के
विस्तरात् विस्तार से

इस प्रकार देवी के वचनों को सुन कर क्रोध से भरे उस दूत दैत्य राज के पास जा कर विस्तार से बोला ।

तस्य दूतस्य तद्वाक्यमाकर्ण्यासुरराट् ततः । सक्रोधः प्राह दैत्यानामधिपं धूम्रलोचनम् ॥ ३॥

तस्य = उस
दूतस्य = दूत के
तद्वाक्यम = वे वाक्य
आकर्ण्य= सुन कर
असुरराट् = दैत्यों का राजा
ततः= तब
सक्रोधः क्रोधयुक्त हो
प्राह = बोला
दैत्यानामधिपं = दैत्यों के सेनापति से
धूम्रलोचनम् = धूम्रलोचन

उस दूत के वे वाक्य सुन कर दैत्यों का राजा तब क्रोध युक्त हो दैत्यों के सेनापति धूम्रलोचन से बोला ।

हे धूम्रलोचनाशु त्वं स्वसैन्यपरिवारितः ।
तामानय बलाद्दुष्टां केशाकर्षणविह्वलाम् ॥ ४॥

हे धूम्रलोचना
आशु = जल्दी से
त्वं = तुम
स्वसैन्य= अपनी सेना से
परिवारितः = घिर कर
ताम= उसे
आनय = लाओ
बलात = जबरदस्ती
दुष्टां = दुष्ट को
केशाकर्षणविह्वलाम् = बालों से खींचते हुए

हे धूम्रलोचना जल्दी से अपनी सेना से घिर कर उस दस्ता को बालों से खींचते हुए जबरदस्ती लाओ ।

तत्परित्राणदः कश्चिद्यदि वोत्तिष्ठतेऽपरः ।
स हन्तव्योऽमरो वापि यक्षो गन्धर्व एव वा ॥ ५॥

तद= उसकी
परित्राणदः = बचाव के लिए
कश्चिद्यदि = यदि कोई
वा = भी
त्तिष्ठते= खड़ा होता है
अपरः= दूसरा
स = उसको
हन्तव्य:= मार देना
अमरो = देवता हो

वापि = अथवा
यक्षो = यक्ष
गन्धर्व = गन्धर्व
एव = ही
वा = अथवा

उसके बचाव के लिए यदि कोई भी दूसरा खड़ा होता है चाहे वो देवता हो, यक्ष हो अतः गंधव ही हो उसको मार देना ।

ऋषिरुवाच ॥ ६॥

ऋषि बोले ।

तेनाज्ञप्तस्ततः शीघ्रं स दैत्यो धूम्रलोचनः ।
वृतः षष्ट्या सहस्राणामसुराणां द्रुतं ययौ ॥ ७॥

तेन = उस की
आज्ञप्त= आज्ञा पे
ततः= तब
शीघ्रं
स = वह
दैत्यो = दैत्य
धूम्रलोचनः = धूम्रलोचन
वृतः = घिर कर
षष्ट्या सहस्राणाम = साठ हज़ार
असुराणां = असुरों से
द्रुतं =तेजी से
ययौ =चला गया

उसकी आज्ञा पर वह दैत्य शीघ्र साठ हज़ार असुरों से घर कर तेजी से चला गया |

स दृष्ट्वा तां ततो देवीं तुहिनाचलसंस्थिताम् ।
जगादोच्चैः प्रयाहीति मूलं शुम्भनिशुम्भयोः ॥ ८॥

स = उसने
दृष्ट्वा = देख कर
तां = उस
ततो = तब
देवीं = देवी को
तुहिनाचल = हिमालय पर
संस्थिताम् = स्थित
जगाद= बोला
उच्चैः = ज़ोर से
प्रयाह= जाओ

इति = इस प्रकार
मूलं = पास
शुम्भनिशुम्भयोः= शुम्भनिशुम्भ के

वह तब हिमालय पर स्थित उस देवीको देख कर ज़ोर से इस प्रकार बोला शुम्भनिशुम्भ के पास जाओ ।

न चेत्प्रीत्याद्य भवती मद्भर्तारमुपैष्यति ।
ततो बलान्नयाम्येष केशाकर्षणविह्वलाम् ॥ ९॥

न = नहीं
चेत्प्रीत्या = प्रसन्नता से
अद्य = अभी
भवती = आप
मद्भर्तारमुपैष्यति = मद भर्तारं उपैष्यति = मेरे स्वामी के
पास चलेंगी
ततो = तो
बलान्नयाम्येष= बलात नयामि एष = बलपूर्वक ले जाऊँगा ऐसे केशाकर्षणविह्वलाम् = बालों से पकड़ कर घसीटते हुए

आप प्रसन्नता से मेरे स्वामी के पास नहीं चलेंगी तो बालों से पकड़ कर घसीटते हुए ऐसे बलपूर्वक ले जाऊँगा |

देव्युवाच ॥ १०॥
देवी बोलीं ।

दैत्येश्वरेण प्रहितो बलवान्बलसंवृतः ।
बलान्नयसि मामेवं ततः किं ते करोम्यहम् ॥ ११॥

दैत्येश्वरेण = दैत्यों के स्वामी द्वारा
प्रहितो = भेजे गए (तुम)
बलवान = बलवान
बलसंवृतः = सेना से घिरे हो

बलान्नयसि मामेवं ततः = मुझे बलपूर्वक ले जाओगे तो

किं ते करोम्यहम् = तुम्हारा मैं क्या कर सकती हूँ

दैत्यों के स्वामी द्वारा भेजे गए बलवान सेना से घिरे (तुम) मुझे बलपूर्वक ले जाओगे तो

तुम्हारा मैं क्या कर सकती हूँ |

ऋषिरुवाच ॥ १२॥
ऋषि बोले ।

इत्युक्तः सोऽभ्यधावत्तामसुरो धूम्रलोचनः । हुङ्कारेणैव तं भस्म सा चकाराम्बिका तदा ॥ १३॥

इत्युक्तः इति उक्तः = इस प्रकार कहने पर सो= वह
अभ्यधावत्=ओर भागा
ताम= उसकी
असुरो = असुर
धूम्रलोचनः = धूम्रलोचन
हुङ्कारेणैव = हुंकार से ही तं = उसे
भस्म = भस्म
सा = उस
चकार = कर दिया
अम्बिका = अम्बिका ने
तदा = तब

देवी के इस प्रकार कहने पर असुर धूम्रलोचन उसकी तरफ भागा, तब उस अम्बिका देवी ने उसे हुंकार से ही भस्म कर दिया ।

अथ क्रुद्धं महासैन्यमसुराणां तथाम्बिका ।
ववर्ष सायकैस्तीक्ष्णैस्तथा शक्तिपरश्वधैः ॥ १४॥

अथ = तब
क्रुद्धं = क्रोधित
महासैन्यमसुराणां = असुरों की महा सेना पर तथाम्बिका = इस प्रकार अम्बिका ने
ववर्ष = वर्षा की
सायकै:= तीरों
तीक्ष्णै:= तीखे
तथा = इसी प्रकार, और
शक्तिपरश्वधैः= शक्ति, परशु की

तब इस प्रकार क्रोधित अम्बिका ने असुरों की महा सेना पर तीखे तीरों और शक्ति, परशुओं की वर्षा की ।

ततो धुतसटः कोपात्कृत्वा नादं सुभैरवम् ।
पपातासुरसेनायां सिंहो देव्याः स्ववाहनः ॥ १५॥

ततो = तब
धुतसटः = गर्दन के बाल हिलाते हुए
कोपात्= क्रोध से
कृत्वा = किया
नादं = आवाज़, गर्जना
सुभैरवम् = भयंकर
पपात् = कूद पड़ा

असुरसेनायां = असुरों की सेना पर
सिंहो = सिंह ने
देव्याः = देवी के
स्ववाहनः = अपना वाहन

तब देवी का अपना वाहन सिंह ने गर्दन के बाल हिलाते हुए क्रोध से भयंकर गर्जना करते हुए असुरों की सेना पर कूद पड़ा ।

कांश्चित्करप्रहारेण दैत्यानास्येन चापरान् ।
आक्रान्त्या चाधरेणान्यान् जघान स महासुरान् ॥ १६॥

कांश्चित् = कुछ को
करप्रहारेण = हाथ के प्रहार से
दैत्यान् = दैत्यों को
आस्येन च = मुंह के
अपरान् = दूसरों को
आक्रम्य = पकड़ कर, दबा कर
च= और
अधरेण= जबड़ों में
अन्यान् = अन्य
जघान = मार दिया
स = उसने
महासुरान् = महासुरों को

उसने कुछ दैत्यों को हाथ के प्रहार से,दूसरों को मुंह के और अन्य महासुरों को जबड़ों में दबा कर मार दिया ।

केषाञ्चित्पाटयामास नखैः कोष्ठानि केसरी ।
तथा तलप्रहारेण शिरांसि कृतवान्पृथक् ॥ १७॥

केषाञ्चित = कुछ का
पाटयामास = फाड़ दिया
नखैः = नाखूनों से
कोष्ठानि = पेट
केसरी = शेर ने
तथा = इसी प्रकार
तलप्रहारेण = थप्पड़ के प्रहार से
शिरांसि = सर को
कृतवान = कर दिया
पृथक् = अलग

शेर ने कुछ का नाखूनों से पेट फाड़ दिया, इसी प्रकार थप्पड़ के प्रहार से सर को अलग कर दिया ।

विच्छिन्नबाहुशिरसः कृतास्तेन तथापरे ।
पपौ च रुधिरं कोष्ठादन्येषां धुतकेसरः ॥ १८॥

विच्छिन्न= अलग
बाहुशिरसः = बांह और सिर कृता = कर दिए
तेन = उस ने
तथा= इस प्रकार
अपरे = दूसरों के
पपौ = पिया
च = और
रुधिरं = खून
कोष्ठात= पेट से
अन्येषां= अन्यों के
धुतकेसरः= गर्दन के बाल हिलाते हुए

गर्दन के बाल हिलाते हुए उस शेर ने दूसरों के बांह और इसी प्रकार सिर अलग कर दिए और अन्यों के पेट से खून पीया ।

क्षणेन तद्बलं सर्वं क्षयं नीतं महात्मना ।
तेन केसरिणा देव्या वाहनेनातिकोपिना ॥ १९॥

क्षणेन = क्षण भर में
तद्बलं = उस सेना को
सर्वं = सारे
क्षयं नीतं= नष्ट कर दिया
महात्मना = हे महात्मा
तेन = उस
केसरिणा केसरी ने
देव्या = देवी के
वाहनेन = वाहन
अतिकोपिना = अति क्रोधित

हे महात्मन उस देवी के वाहन अति क्रोधित केसरी ने क्षण भर में उस सारी सेना को नष्ट कर दिया ।

श्रुत्वा तमसुरं देव्या निहतं धूम्रलोचनम् ।
बलं च क्षयितं कृत्स्नं देवीकेसरिणा ततः ॥ २०॥

श्रुत्वा = सुन कर
तमसुरं = उस असुर
देव्या = देवी द्वारा
निहतं = मारे जाने
धूम्रलोचनम् = धूम्रलोचन के
बलं = सेना को
च = और
क्षयितं = नष्ट
कृत्स्नं = कर दिया
देवीकेसरिणा देवी के केसरी द्वारा ततः = तब

तब देवी द्वारा उस असुर धूम्रलोचन के मारे जाने और देवी के वाहन केसरी द्वारा सेना को नष्ट करने का सुन कर

चुकोप दैत्याधिपतिः शुम्भः प्रस्फुरिताधरः ।
आज्ञापयामास च तौ चण्डमुण्डौ महासुरौ ॥ २१॥

चुकोप = क्रोध से
दैत्याधिपतिः = दैत्यों के स्वामी
शुम्भः = शुम्भ
प्रस्फुरिताधरः = काँपते होंठ वाले
आज्ञापयामास = आज्ञा दी
च = और
तौ = उन दोनों
चण्डमुण्डौ महासुरौ =चण्डमुण्ड महासुरों को

और क्रोध से काँपते होंठ वाले दैत्यों के स्वामी शुम्भ ने उन दोनों चण्डमुण्ड महासुरों को आज्ञा दी ।

हे चण्ड हे मुण्ड बलैर्बहुभिः परिवारितौ ।
तत्र गच्छत गत्वा च सा समानीयतां लघु ॥ २२॥

हे चण्ड हे मुण्ड
बलै:= सेना
बहुभिः = बड़ी
परिवारितौ = के साथ, घिर कर
तत्र= वहां
गच्छत = जाओ
गत्वा जा कर
च = और
सा = उसे
समानीयतां = साथ लाओ
लघु= जल्दी

हे चण्ड हे मुण्ड बड़ी सेना के साथ वहाँ जाओ और जा कर जल्दी उसे साथ ले कर आओ ।

केशेष्वाकृष्य बद्-ध्वा वा यदि वः संशयो युधि ।
तदाशेषायुधैः सर्वैरसुरैर्विनिहन्यताम् ॥ २३॥

केशेष्वाकृष्य = बालों से घसीट कर
बद्ध्वा = बाँध कर
वा = अथवा
यदि = यदि

वः = तुम्हें
संशयो= संशय हो
युधि= युद्ध में
तदा = तब
अशेष = सभी
आयुधैः = हथियारों
सर्वै: = सभी
असुरै:= असुरों
विनिहन्य = मार देना
ताम् = उसे

बालों से घसीट कर अथवा बाँध कर (उसे लाओ) यदि तुम्हे संसय हो तब युद्ध में सभी असुरों और सभी हथियारों (की सहायता) से उसे मार देना ।

तस्यां हतायां दुष्टायां सिंहे च विनिपातिते ।
शीघ्रमागम्यतां बद्-ध्वा गृहीत्वा तामथाम्बिकाम् ॥ २४॥

तस्यां = उसको
हतायां = पराजित कर
दुष्टायां = दुष्टा को
सिंहे = सिंह को
च = और
विनिपातिते = मार कर, पराजित कर
शीघ्रमागम्यतां = जल्दी आओ
बद्ध्वा = बाँध कर
गृहीत्वा = साथ ले कर
तामथाम्बिकाम् = ताम अथ अम्बिका = तब उस अम्बिका को

उस दुष्ट को पराजित कर और सिंह को मार कर, तब उस अम्बिका को बाँध कर साथ ले कर जल्दी आओ ।

॥ स्वस्ति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये शुम्भनिशुम्भसेनानीधूम्रलोचनवधो नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६॥
सप्तमोऽध्यायः
ध्यायेयम् रत्नपीठे शुक कल पठितं शृण्वतीं श्यामलाङ्गीम्
न्यस्तैकांघ्रिम् सरोज शशिशकलधराम् वल्लकीम् वादयन्तीम् ।
कह्लाराबद्धमालाम् नियमितविलसच्चोलिकां रक्तवस्त्राम्

माताङ्गीम् शंखपात्राम् मधुरमधुमदाम् चित्रकोद्भासिभालाम् ॥

ध्यायेयम्= ध्यान करते हैं
रत्नपीठे= रत्नों के सिंहासन पर बैठी
शुककलपठितं = पढ़ते हुए तोते की आवाज को
शृण्वतीं = सुनती
श्यामलाङ्गीम् = श्याम अंगों वाली

न्यस्तैक आंघ्रिम्= एक पैर को रखे
सरोज= कमल पर
शशिशकलधराम् = चन्द्र के खंड को धारण करने वाली वल्लकीम् = वीणा
वादयन्तीम् = बजाती हुई
कह्लाराबद्धमालाम् = कल्हार पुष्पों की माला पहने नियमित विलसच्चोलिकां= कासी चोली से सुशोभित
रक्तवस्त्राम् = लाल वस्त्र पहने
माताङ्गीम्= मातंगी देवी का
शंखपात्राम् = शंख का पात्र लिए
मधुरमधुमदाम् = मधु के हलके प्रभाव से मधुर

चित्रकोद्भासिभालाम् = बिंदी, टिकली से शोभित मस्तक वाली

रत्नों के सिंहासन पर बैठी, पढ़ते हुए तोते की आवाज को सुनती, श्याम अंगों वाली कमल पर एक पैर को रखे,चन्द्र के खंड को धारण करने वाली, वीणा बजाती हुई, कल्हार पुष्पों की माला पहने, कसी चोली से सुशोभित, लाल वस्त्र पहने, शंख का पात्र लिए, मधु के हलके प्रभाव से मधुर,बिंदी, टिकली से शोभित मस्तक वाली मातंगी देवी का ध्यान करते हैं ।

ॐ ऋषिरुवाच ॥ १॥

ऋषि बोले ।

आज्ञप्तास्ते ततो दैत्याश्चण्डमुण्डपुरोगमाः ।
चतुरङ्गबलोपेता ययुरभ्युद्यतायुधाः ॥ २॥

आज्ञप्ता: = आज्ञा लेकर
ते = वे
ततो = तब
दैत्या: = दैत्य
चण्डमुण्ड= चण्डमुण्ड को
अपरान्= दूसरों को

तब शेर उस असुर की गर्दन को दाढ़ों से कुचल कर खा गया, इसी प्रकार काली, इसी प्रकार शिवदूती दूसरों को (खा गयीं) ।

कौमारीशक्तिनिर्भिन्नाः केचिन्नेशुर्महासुराः । ब्रह्माणीमन्त्रपूतेन तोयेनान्ये निराकृताः ॥ ३८॥

कौमारी = कौमारी की
शक्ति = शक्ति से
निर्भिन्नाः = विदीर्ण हो
केचित् = कुछ
नेशु:=नष्ट हो गए
महासुराः= महासुर
ब्रह्माणी= ब्रह्माणी के
मन्त्रपूतेन = मन्त्र पूत
तोयेन = जल से
अन्ये = दूसरे
निराकृताः = दूर हटा दिए गए, खंडित कर दिए गए

कुछ महासुर कौमारी की शक्ति से विदीर्ण हो नष्ट हो गए, दूसरे ब्रह्माणी के मन्त्र पूत जल से दूर हटा दिए गए ।

माहेश्वरीत्रिशूलेन भिन्नाः पेतुस्तथापरे । वाराहीतुण्डघातेन केचिच्चूर्णीकृता भुवि ॥ ३९॥

माहेश्वरी= माहेश्वरी के
त्रिशूलेन = त्रिशूल से
भिन्नाः = छिद कर
पेतु:= गिर गए
तथा= इसी प्रकार
अपरे = दूसरे
वाराही तुण्ड घातेन= वाराही के तुण्ड के प्रहार से
केचित् = कितनों का
चूर्णीकृता = कचूमर हो गया
भुवि = पृथ्वी पर

इसी प्रकार दूसरे माहेश्वरी के त्रिशूल से छिद कर गिर गए । कितनों का वाराही के तुण्ड के प्रहार से पृथ्वी पर कचूमर हो गया ।

खण्डं खण्डं च चक्रेण वैष्णव्या दानवाः कृताः ।
वज्रेण चैन्द्रीहस्ताग्रविमुक्तेन तथापरे ॥ ४०॥

खण्डं खण्डं = टुकड़े टुकड़े
च = और
चक्रेण = चक्र से
वैष्णव्या= वैष्णवी द्वारा
दानवाः = दानवों के
कृताः = कर दिए गए
वज्रेण = वज्र से
चैन्द्री = और ऐन्द्री के
हस्ताग्रविमुक्तेन = हाथ से छोड़े गए
तथा = इसी प्रकार
अपरे= दूसरों के

वैष्णवी द्वारा चक्र से दानवों के टुकड़े टुकड़े कर दिए गए और इसी प्रकार ऐन्द्री के हाथ से छोड़े गए व्रज से दूसरे (असुरों) के (टुकड़े टुकड़े कर दिए गए) ।

केचिद्विनेशुरसुराः केचिन्नष्टा महाहवात् ।
भक्षिताश्चापरे कालीशिवदूतीमृगाधिपैः ॥ ४१॥

केचित् = कुछ
विनेशु:= नष्ट हो गए
असुराः = असुर

केचित् = कुछ
नष्टा = भाग गए
महाहवात् = महा युद्ध से
भक्षिता:= खा लिया
च = और
अपरे = दूसरों को
काली शिवदूती मृगाधिपैः = काली शिवदूती, सिंह ने

कुछ असुर नष्ट हो गए, कुछ महायुद्ध से भाग गए, और दूसरों को काली शिवदूती,(और) सिंह ने खा लिया ।

॥ स्वस्ति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये निशुम्भवधो नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९॥
दशमोऽध्यायः

ध्यानम्
ॐ उत्तप्तहेमरुचिरां रविचन्द्रवह्निनेत्रां
धनुश्शरयुताङ्कुशपाशशूलम्।

रम्यैर्भुजैश्च दधतीं शिवशक्तिरुपां कामेश्वरीं ह्रदि भजामि धृतेन्दुलेखाम्।।

उत्तप्त हेम रुचिरां = तपाये सोने जैसी सुन्दर रविचन्द्रवह्निनेत्रां = रवि, चन्द्र, आग के तीन नेत्रों वाली, धनुश्शरयुताङ्कुशपाशशूलम्= धनुष-बाण, अंकुश, पाश, शूल

रम्यैर्भुजैश्च = और सुन्दर हाथों में
दधतीं = धारण किये
शिवशक्तिरुपां = शिवशक्ति स्वरूपा
कामेश्वरीं = कामेश्वरी देवी का
ह्रदि = हृदय में
भजामि = चिंतन करता / करती हूँ

धृतेन्दुलेखाम्= अर्धचन्द्र को डरा करने वाली

तपाये सोने जैसी सुन्दर, रवि, चन्द्र, आग के तीन नेत्रों वाली, और सुन्दर हाथों में धनुष-बाण, अंकुश, पाश, शूल धारण किये, शिवशक्ति स्वरूपा, अर्धचन्द्र को धारण करने वाली कामेश्वरी देवी का हृदय में चिंतन करता / करती हूँ ।

ॐ ऋषिरुवाच ॥ १॥

ऋषि बोले ।

निशुम्भं निहतं दृष्ट्वा भ्रातरं प्राणसम्मितम् ।
हन्यमानं बलं चैव शुम्भः क्रुद्धोऽब्रवीद्वचः ॥ २॥

निशुम्भं = निशुम्भ को

निहतं = मरा हुआ
दृष्ट्वा = देख कर
भ्रातरं = भाई
प्राणसम्मितम् = प्राणों के समान हन्यमानं = मारी जाती हुई
बलं = सेना को
चैव = और ऐसे ही
शुम्भः = शुम्भ
क्रुद्ध: = क्रोधित
अब्रवीत्= बोला
वचः = वचन

प्राणों के सामान भाई निशुम्भ को मारा हुआ और ऐसे ही मारी जाती हुई सेना को देख कर शुम्भ क्रोधित वचन बोला ।

बलावलेपदुष्टे त्वं मा दुर्गे गर्वमावह ।
अन्यासां बलमाश्रित्य युद्ध्यसे चातिमानिनी ॥ ३॥

बलावलेप = बल के घमंड में
दुष्टे = दुष्ट
त्वं = तुम
मा = मत, नहीं
दुर्गे =दुर्गे
गर्वम् = गर्व
आवह = करो,
अन्यासां = दूसरों के
बलमाश्रित्य = बल पर आश्रित
युद्ध्यसे = युद्ध करती हो
च= और
या= जो
अतिमानिनी= अत्यंत अभिमानी

बल के घमंड में हे दुष्ट दुर्गा अभिमान मत करो । और जो तुम अत्यंत माननी हो, दूसरों के बल पर आशीरत हो कर युद्ध करती हो ।

देव्युवाच ॥ ४॥

देवी बोलीं ।

एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा ।
पश्यैता दुष्ट मय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः ॥ ५॥

एकैवाहं = एक एव अहम्= एक मैं ही हूँ
जगत्य = जगति = संसार में
अत्र = यहां
द्वितीया = दूसरा
का = कौन

मम अपरा = मेरे इलावा
पश्य- देखो
एता: = ये
दुष्ट = हे दुष्ट
मय्येव = मयि एव = मुझमे ही
विशन्त्यो = प्रवेश कर रही हैं
मद्विभूतयः= मत् विभूतयः मेरी शक्तियां, मेरी माया

हे डस्ट इस संसार में एक मैं ही हूँ, मेरे इलावा दूसरा कौन है देखों ये मेरी शक्तियां (हैं और) मुझमे ही प्रवेश कर रही हैं |

ततः समस्तास्ता देव्यो ब्रह्माणीप्रमुखा लयम् ।
तस्या देव्यास्तनौ जग्मुरेकैवासीत्तदाम्बिका ॥ ६॥

ततः = तब
समस्ता: - सारी
ता =वे
देव्यो = देवियाँ
ब्रह्माणीप्रमुखा = ब्रह्माणी को प्रमुख कर
लयम् =लीन
तस्या = उस
देव्या= देवी के
तनौ = शरीर में
जग्मु:= हो गयीं
एकैवासीत्तदाम्बिका = एक एव आसीत् अम्बिका = एक अम्बिका ही थी

तब वे सारी देवियाँ ब्रह्माणी को प्रमुख कर उस देवी के शरीर में लीं हो गयीं, एक अम्बिका ही रह गयी ।

देव्युवाच ॥ ७॥

देवी बोलीं ।

अहं विभूत्या बहुभिरिह रूपैर्यदास्थिता ।
तत्संहृतं मयैकैव तिष्ठाम्याजौ स्थिरो भव ॥ ८॥

अहं = मैं
विभूत्या = माया से
बहुभि: = विभिन्न
इह = यहां
रूपै:= रूपों में
यदास्थिता = यत् आस्थिता= जो स्थित थी तत्संहृतं - तत् संहृतम् = वे समेट लिए हैं मया = मेरे द्वारा
एक एव = एक ही

तिष्ठामि = खड़ी हूँ
आजौ =युद्ध में
स्थिरो = स्थिर
भव= हो जाओं

मैं यहां माया से विभिन्न रूपों में जो स्थित थी वे मेरे द्वारा समेत लिए गए हैं, युद्ध में मैं एक ही खड़ी हूँ, तुम स्थिर हो जाओ ।

ऋषिरुवाच ॥ ९॥

ऋषि बोले ।

ततः प्रववृते युद्धं देव्याः शुम्भस्य चोभयोः ।
पश्यतां सर्वदेवानामसुराणां च दारुणम् ॥ १०॥

ततः = तब
प्रववृते = प्रवृत हुए, छिड़ना, शुरू होना युद्धं = = युद्ध
देव्याः = देवी
शुम्भस्य = शुम्भ का
च= और
उभयोः= दोनों
पश्यतां = देखते हुए
सर्वदेवानाम = सब देवों
असुराणां= असुरों
च = और
दारुणम्= घोर

तब सभी देवताओं और असुरों के देखते हुए देवी और शुम्भ दोनों का घोर युद्ध छिड़ गया ।

शरवर्षैः शितैः शस्त्रैस्तथास्त्र्यैश्चैव दारुणैः । तयोर्युद्धमभूद्भूयः सर्वलोकभयङ्करम् ॥ ११॥

शरवर्षैः = तीरों की वर्षा
शितैः = तीखे
शस्त्रै:= शास्त्र
तथा =इसी प्रकार
च = और
अस्त्रैः = अस्त्र
एव ही = से ही
दारुणैः =भयंकर
तयो:= उन दोनों का
युद्धम् = युद्ध
अभूत् = हुआ
भूयः = फिर से

सर्वलोकभयङ्करम् = सारे संसार को भयभीत करने वाला

तीखे तीरों की वर्षा और इसी प्रकार ही शास्त्र और अस्त्रों से उन दोनों का सारे संसार को भयभीत करने वाला युद्ध हुआ ।

दिव्यान्यस्त्राणि शतशो मुमुचे यान्यथाम्बिका ।
बभञ्ज तानि दैत्येन्द्रस्तत्प्रतीघातकर्तृभिः ॥ १२॥

दिव्यान्यस्त्राणि= दिव्यानि अस्त्राणि = दिव्य अस्त्र
शतशो सैंकड़ों
मुमुचे = छोड़े
यानि= जो
अथ = तब
अम्बिका = अम्बिका ने
बभञ्ज = तोड़ दिया
तानि = उन को
दैत्येन्द्र:= दैत्य राज
तत = तब
प्रतीघातकर्तृभिः = निवारक अस्त्रों से

तब अम्बिका ने जो सैंकड़ों दिव्य अस्त्र छोड़े उनको तब दैत्यराज ने निवारक अस्त्रों से तोड़ दिया ।

मुक्तानि तेन चास्त्राणि दिव्यानि परमेश्वरी ।
बभञ्ज लीलयैवोग्रहुङ्कारोच्चारणादिभिः ॥ १३॥

मुक्तानि = छोड़े
तेन = उस के
च=और
अस्त्राणि = अस्त्रों को
दिव्यानि = दिव्य
परमेश्वरी= परमेश्वरी ने
बभञ्ज = तोड़ दिया
लीलयैव=खेल है में ही
उग्रहुङ्कार= भयंकर हुंकार के
उच्चारणादिभिः= उच्चारण आदि से

और उसके छोड़े गए दिव्य अस्त्रों को देवी ने खेल खेल में भयंकर हुंकार के उच्चारण आदि से तोड़ दिया ।

ततः शरशतैर्देवीमाच्छादयत सोऽसुरः ।
सापि तत्कुपिता देवी धनुश्चिच्छेद चेषुभिः ॥ १४॥

शरशतै:= सैंकड़ों तीरों से
देवीम्= देवी को
आच्छादयत् = ढक दिया

स: = उस
असुरः= असुर ने
सा= उस
अपि = भी
तत्= तब
कुपिता = क्रोधित
देवी = देवी ने
धनु:= धनुष को
चिच्छेद = काट दिया
च = और
इषुभिः= तीरों से

तब उस असुर ने देवी को सैंकड़ों तीरों से ढक दिया और तब उस क्रोधत देवी ने भी तीरों से उसके धनुष को काट दिया ।

छिन्ने धनुषि दैत्येन्द्रस्तथा शक्तिमथाददे ।
चिच्छेद देवी चक्रेण तामप्यस्य करे स्थिताम् ॥ १५॥

छिन्ने = टूटने पर
धनुषि = धनुष के
दैत्येन्द्र:= दैत्य राज ने
तथा = इस प्रकार
शक्तिम् = शक्ति
अथ= तब
आददे = उठाई
चिच्छेद = काट दिया
देवी = देवी ने
चक्रेण = चक से
ताम्= उस के
अपि =भी
अस्य = इसे
करे = हाथ में
स्थिताम् = स्थित

इस प्रकार धनुष टूटने पर दैत्यराज ने तब शक्ति उठाई । देवी ने चक्र से उसके हाथ में स्थित इसे भी काट दिया ।

ततः खड्गमुपादाय शतचन्द्रं च भानुमत् ।
अभ्यधावततां देवीं दैत्यानामधिपेश्वरः ॥ १६॥

ततः = तब
खड्गम्= तलवार
उपादाय= ले कर
शतचन्द्रं = सौ चंद्रमा वाली
च = और
भानुमत् = चमकती
अभ्यधावत = ओर दौड़ा

तां = और
देवीं =देवी की
दैत्यानाम् = दैत्यों का
अधिपेश्वरः = स्वामी

और तब दैत्यों का स्वामी सौ चन्द्रमा वाली चमकती तलवार ले कर देवी की तरफ दौड़ा ।

तस्यापतत एवाशु खड्गं चिच्छेद चण्डिका ।
धनुर्मुक्तैः शितैर्बाणैश्चर्म चार्ककरामलम् ॥ १७॥

तस्य= उसके
अपतत= आते
एव= ही
आशु = जल्दी से
खड्गं= तलवार को
चिच्छेद = काट दिया
चण्डिका = चण्डिका ने
धनुर्मुक्तैः= धनुष से छोड़े शितै:= तीखे
बाणै:= बाणों से
चर्म = ढाल को
च= और
अर्क कर = सूर्य की किरणों सी
अमलम्= उज्जवल

उसके आते ही चण्डिका ने जल्दी से धनुष से छोड़े तीखे बाणों से तलवार को और सूर्य की किरणों सी उज्जवल ढाल को काट दिया ।

हताश्वः स तदा दैत्यश्छिन्नधन्वा विसारथिः ।
जग्राह मुद्गरं घोरमम्बिकानिधनोद्यतः ॥ १८॥

हताश्वः = मारे गए घोड़े
स = वह
तदा = तब
दैत्य: = दैत्य
छिन्नधन्वा = टूटे धनुष
विसारथिः = सारथि रहित
जग्राह = हाथ में ले
मुद्गरं = मुद्गर
घोरम =भयंकर
अम्बिका = अम्बिका को
निधन: = मारने के लिए

उद्यतः= तैयार हुआ तब मारे गए घोड़े, टूटे धनुष, सारथि रहित वह दैत्य

भयंकर मुद्गर हाथ मे ले अम्बिका को मारने के लिए तैयार हुआ ।

चिच्छेदापततस्तस्य मुद्गरं निशितैः शरैः ।
तथापि सोऽभ्यधावत्तां मुष्टिमुद्यम्य वेगवान् ॥ १९॥

चिच्छेद= काट दिया
अपतत= आती हुई
तस्य = उसकी
मुद्गरं = मुद्गर को
निशितैः = तीखे
शरैः = तीरों से
तथापि= तो भी
स = वह
अभ्यधावत् = तरफ भगा
ताम् = उसकी
मुष्टिम् = मुट्ठी
उद्यम्य = ऊपर उठा
वेगवान् = तेजी से

आती हुई उसकी मुदगर को तीखे तीरों से काट दिया तो भी वह मुठ्ठी उठा कर तेजी से उस देवी की तरफ भागा ।

स मुष्टिं पातयामास हृदये दैत्यपुङ्गवः । देव्यास्तं चापि सा देवी तलेनोरस्यताडयत् ॥ २०॥

स = उसने
मुष्टिं = मुट्ठी से
पातयामास = प्रहार किया
हृदये = छाती पर
दैत्यपुङ्गवः दैत्यराज ने
देव्या:= देवी के
तं = उस की
चापि च= और
अपि = भी
सा = उस
देवी = देवी ने
तलेन = थप्पड़ से
उरस्य = छाती को
अताडयत् = पीटा

उस दैत्यराज ने मुट्ठी से देवी की छाती पर प्रहार किया, देवी ने भी थप्पड़ से उसकी छाती को पीटा ।

तलप्रहाराभिहतो निपपात महीतले ।
स दैत्यराजः सहसा पुनरेव तथोत्थितः ॥ २१॥

तलप्रहार= थप्पड़ के प्रहार से

अभिहतो = पिटा
निपपात = गिर गया
महीतले = पृथ्वी पर
स = वह
दैत्यराजः = दैत्यराज
सहसा = अचानक
पुन: = दुबारा
एव = ही
तथा = उसी प्रकार
उत्थितः = खड़ा हो गया

थपाद के प्रहार से पिटा वह दैत्यराज पृथ्वी पर गिर गया, अचानक दुबारा उसी प्रकार ही खड़ा हो गया ।

उत्पत्य च प्रगृह्योच्चैर्देवीं गगनमास्थितः ।
तत्रापि सा निराधारा युयुधे तेन चण्डिका ॥ २२॥

उत्पत्य = उछल कर
च = और
प्रगृह्य = पकड़ कर
उच्चै: = ज़ोर से
देवीं = देवी को
गगनम = आकाश में
अस्थितः = खड़ा हो गया
तत्रापि तत्र अपि = वहां भी
सा = उस
निराधारा = बिना आधार के
युयुधे = युद्ध किया
तेन = उससे
चण्डिका= चण्डिका ने

और उछाल कर ज़ोर से देवी को पकड़ कर आकाश में खड़ा हो गया । वहां भी उस चण्डिक ने बिना आधार के उससे युद्ध किया ।

नियुद्धं खे तदा दैत्यश्चण्डिका च परस्परम् ।
चक्रतुः प्रथमं सिद्धमुनिविस्मयकारकम् ॥ २३॥

नियुद्धं = बाहुयुद्ध
खे = आकाश में
तदा = तब
दैत्य = दैत्य
चण्डिका= चण्डिका का
च = और
परस्परम् = आपस में
चक्रतुः = हुआ
प्रथमं = पहली बार
सिद्धमुनि = सिद्ध मुनियों को

विस्मय कारकम् = हैरान करने वाला

तब दैत्य और चण्डिका का आपस में आकाश में सिद्ध मुनियों को हैरान करने वाला पहली बार बाहुयुद्ध हुआ ।

ततो नियुद्धं सुचिरं कृत्वा तेनाम्बिका सह ।
उत्पाट्य भ्रामयामास चिक्षेप धरणीतले ॥ २४॥

ततो = तब
नियुद्धं = बाहु युद्ध
सुचिरं = देर तक
कृत्वा = कर के
तेन = उसके
अम्बिका = अम्बिका ने
सह = साथ
उत्पाट्य = उठा कर
भ्रामयामास = घुमाते हुए
चिक्षेप = फैंक दिया
धरणीतले= धरती पर

देर तक उसके साथ बाहु युद्ध करते हुए तब अम्बिका ने उसे उठा कर घुमाते हुए धरती पर फैंक दिया ।

स क्षिप्तो धरणीं प्राप्य मुष्टिमुद्यम्य वेगवान् ।
अभ्यधावत दुष्टात्मा चण्डिकानिधनेच्छया ॥ २५॥

स= वह
क्षिप्तो = फेंका हुआ
धरणीं = धरती पर
प्राप्य = आ कर
मुष्टिम् = मुट्ठी को
उद्यम्य = उठा कर
वेगवान् = शीघ्रता से
अभ्यधावत = की तरफ भागा
दुष्टात्मा = दुष्ट आत्मा
चण्डिका = चण्डिका को
निधन = मारने की इच्छा से
इच्छया= इच्छा से

वह फेंका हुआ दुष्ट आत्मा पृथ्वी पर आ कर चण्डिका को मारने की इच्छा से जल्दी से मुट्ठी उठा कर उसकी ओर भागा ।

तमायान्तं ततो देवी सर्वदैत्यजनेश्वरम् ।
जगत्यां पातयामास भित्त्वा शूलेन वक्षसि ॥ २६॥

तम= उस की

आयान्तं = आते हुए
ततो = तब
देवी =देवी ने
सर्वदैत्य जनेश्वरम् = सब दैत्यों के स्वामी
जगत्यां = भूमि पर
पातयामास = गिरा दिया
भित्त्वा = भेद कर
शूलेन =शूल से
वक्षसि = छाती को

तब आते हुए उस सब दैत्यों के स्वामी की छाती को देवी ने शूल से भेद कर भूमि पर गिरा दिया ।

स गतासुः पपातोर्व्यां देवी शूलाग्रविक्षतः ।
चालयन् सकलां पृथ्वीं साब्धिद्वीपां सपर्वताम् ॥ २७॥

स = वह
गतासुः =प्राण रहित
पपात = गिर गया
उर्व्यां = पृथ्वी पर
देवी = देवी के
शूलाग्र विक्षतः = शूल की नोक से घायल
चालयन् = कंपाता हुआ
सकलां = सारी
पृथ्वीं = धरती को
साब्धिद्वीपां = समुन्द्र, द्वीपों
सपर्वताम् = पर्वतों के साथ

देवी के शूल की नोक से घायल वह प्राणरहित हो साड़ी धरती को समुन्द्र, द्वीपों, पर्वतों के साथ कंपाता हुआ पृथ्वी पर गिर गया ।

ततः प्रसन्नमखिलं हते तस्मिन् दुरात्मनि ।
जगत्स्वास्थ्यमतीवाप निर्मलं चाभवन्नभः ॥ २८॥

ततः = तब
प्रसन्नम् = प्रसन्न
अखिलं = सब
हते = मारे जाने पर
तस्मिन् = उस
दुरात्मनि = दुष्ट के
जगत् = जगत
स्वस्थ्यम् = स्वस्थ
अतीव= बहुत ज्यादा
आप = पानी
निर्मलं = स्वच्छ
च = और
अभवत् = हो गया

□□□ = □□□□

□□ □□□□□ □□ □□□□ □□□□ □□ □□□□ □□□□□ □□□□□□□ , □□ □□□□□□ □□□□□ □□ □□□□ □□□□□□ □□ □□□ □

□□□□□□□□□□ □□□□□□ □□ □□□□□□□□□□□ □□□ □□□□ □
□□□□□ □□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□ □□□□□□ □ □□□

□□□□□□□□□□□ = □□□□□□ □□□□ □□□□
□□□□□□ = □□□□□□□□□
□□ = □□
□□□□□□□□= □□□□□
□□□□□□= □□□□
□□□□= □□
□□ = □□
□□□ = □□□□
□□□□ = □□ □□
□□□□□ = □□□□□
□□□□□ = □□□□□ □□
□□□□□□□: =□□□□ □□□
□□□ = □□ □□□□□□
□□□□ = □□
□□□□ = □□□□
□□□□□□ = □□□□ □□□□ □□

□□ □□□□□□ □□□□ (□□ □□□□□) □□ □□□□ □□□□ □□ □□□□□□ □□□□ □□□□, □□□□□□□□
□□ □□□□ □□ □□□□ □□ □□, □□□□□□ □□□□□ □□ □□□□ □□□□ □

□□□ □□□□□□□ □□□□□ □□□□□□□□□□□□□□□□ □
□□□□□□□□□□□□ □□□□□□□ □□□□□□□ □□□□□ □□□□ □ □□□

□□□ = □□
□□□□□□□ = □□□□□
□□□□□ = □□□
□□□□□□□□□□□□□□□□ = □□□□ □□□□□ □□ □□□□
□□□□□: = □□ □□
□□□□□ = □□□□ □□□□ □□
□□□□□□□ = □□ □□
□□□□□□□□ = □□□□□□□
□□□□□ = □□□□□□ □□
□□□□= □□□□ □□□

□□□□ □□□□ □□□□ □□ □□□ □□□□□ □□□□ □□□□□ □□ □□□□ □□ □□ □□□□□□□ □□□□□□
□□ □□□□ □□□ □

□□□□□□□□□□□□□□□□□ □□□□□□□□□□□□□□□□□□ □

ववुः पुण्यास्तथा वाताः सुप्रभोऽभूद्दिवाकरः ॥ ३१॥

अवादयत् = बजाने लगे
तथा = इसी प्रकार
एव = ही
अन्ये = दूसरे
ननृतु:= नाचने लगी
च = और
अप्सरोगणाः = अप्सराएं
ववुः = बहने लगी
पुण्या = पवित्र
तथा = इसी प्रकार
वाताः = वायु
सुप्रभ:=अच्छी प्रभा वाले
अभूत्= हो गए

दिवाकर: = सूर्य

इसी प्रकार ही दूसरे बजाने लगे और अप्सराएं नाचने लगीं ।

पवित्र वायु बहने लगी, इसी प्रकार सूर्य अच्छी प्रभा वाले हो गए ।

जज्वलुश्चाग्नयः शान्ताः शान्ता दिग्जनितस्वनाः ॥ ३२॥

जज्वलु:= जलने लगी
च = और
अग्नयः = अग्नि
शान्ताः = शांति से
शान्ता = शांत हो गया
दिग्जनितस्वनाः = दिशाओं से उत्पन्न शोर

अग्नि शान्ति से जलने अग्नि और दिशाओं में उत्पन्न शोर शांत हो गया ।

॥ स्वस्ति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे
देवीमाहात्म्ये शुम्भवधो नाम दशमोऽध्यायः ॥ १०॥
एकादशोऽध्यायः
ॐ बालरविद्युतिमिन्दुकिरिटां तुङ्गकुचां नयनत्रययुक्ताम्।

स्मेरमुखीं वरदाङ्कुशपाशाभीतिकरां प्रभजे भुवनेशीम्।।

बाल रवि द्युतिम् = उदित होते सूर्य की आभा वाली
इन्दुकिरिटां = चन्द्रमा के मुकुट वाली
तुङ्गकुचा = उच्च स्तनों वाली
नयनत्रययुक्ताम्= तीन नेत्रों से युक्त

स्मेरमुखीं = मुस्कुराते मुख वाली
वरदाङ्कुशपाशाभीतिकरां = हाथ में वरद, अंकुश, पाश, अभयमुद्रा वाली

प्रभजे भुवनेशीम् = भुवनेश्वरी देवी का ध्यान करता/करती हूँ

उदित होते सूर्य की आभा वाली, चन्द्रमा के मुकुट वाली,उच्च स्तनों वाली, तीन नेत्रों से युक्त, मुस्कुराते मुख वाली, हाथ में वरद, अंकुश, पाश, अभयमुद्रा वाली भुवनेश्वरी देवी का ध्यान करता/करती हूँ ।

ॐ ऋषिरुवाच ॥ १॥

ऋषि बोला ।

देव्या हते तत्र महासुरेन्द्रे
सेन्द्राः सुरा वह्निपुरोगमास्ताम् ।
कात्यायनीं तुष्टुवुरिष्टलाभाद्
विकाशिवक्त्राब्जविकाशिताशाः ॥ २॥

देव्या = देवी द्वारा
हते = मारे जाने पर
तत्र = वहां
महासुरेन्द्रे =असुरराज के सेन्द्राः = इंद्र के साथ
सुरा = देवता
वह्निपुरोगम: = अग्नि को आगे कर के आस्ताम् = वे
कात्यायनीं = कात्यायनी की तुष्टुवु = स्तुति करने लगे इष्टलाभाद् =अभीष्ट प्राप्ति होने से
विकाशि = खिलते हुए, चमकते हुए
वक्त्रा= मुख
अब्ज = कमल
विकाशित = चमकती थीं
आशाः = दिशाएँ

वहां देवी द्वारा असुरराज के मारे जाने पर इंद्र के साथ वे देवता अग्नि को आगे कर के कात्यायनी की स्तुति करने लगे । अभीष्ट प्राप्ति होने से चमकते हुए मुख कमल से दिशाएँ चमक रहीं थी ।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद
प्रसीद मातर्जगतोऽखिलस्य ।
प्रसीद विश्वेश्वरि पाहि विश्वं
त्वमीश्वरी देवि चराचरस्य ॥ ३॥

देवि = देवी
प्रपन्ना = शरणागत की
आर्तिहरे = पीड़ा को हरने वाली प्रसीद प्रसीद = प्रसन्न हो जाओ
मात: जगतो अखिलस्य= सारे संसार की माँ

प्रसीद =प्रसन्न हो जाओ विश्वेश्वरि =विश्वेश्वरि पाहि= रक्षा करो
विश्वं= विश्व की
त्वम= तुम
ईश्वरी = अधीश्वरी हो
देवि = हे देवी
चराचरस्य= चर अचर की

शरणागत की पीड़ा हरने वाली हे देवी प्रसन्न हो जाओ, प्रसन्न हो जाओ, हे विश्वेश्वरि विश्व की रक्षा करो, हे देवी तुम चर अचर की अधीश्वरी हो ।

आधारभूता जगतस्त्वमेका
महीस्वरूपेण यतः स्थितासि ।
अपां स्वरूपस्थितया त्वयैत-
दाप्यायते कृत्स्नमलङ्घ्यवीर्ये ॥ ४॥

आधारभूता = आधार रूप हो
जगत:= जगत की
तवं एका = तुम एक ही
महीस्वरूपेण = पृथ्वी के रूपमे
यतः = जो
स्थितासि = स्थित हो
अपां = जल के
स्वरूपस्थितया = रूप में स्थित
त्वयैत- त्वया एतत = तुम इसे
आप्यायते = तृप्त, पुष्ट
कृत्स्नम् = करती हो
अलङ्घ्य वीर्ये = पराक्रम अलंघनीय है

तुम एकमात्र ही संसार का आधार हो जो पृथ्वी के रूप में स्थित हो, जल के रूप में स्थित हो तुम इसे तृप्त करती हो, (तुम्हारा) पराक्रम अलंघनीय है ।

त्वं वैष्णवीशक्तिरनन्तवीर्या
विश्वस्य बीजं परमासि माया ।
सम्मोहितं देवि समस्तमेतत्
त्वं वै प्रसन्ना भुवि मुक्तिहेतुः ॥ ५॥

त्वं= तुम
वैष्णवीशक्ति: अनन्तवीर्या= अत्यंत बलशाली वैष्णवी शक्ति हो विश्वस्य = संसार की
बीजं = बीज (उत्पत्ति का कारण)
परमा = परम
असि = हो
माया = माया
सम्मोहितं = सम्मोहित किया है

देवि = देवी
समस्तम = सब को, सारे
एतत् = इस (जगत को)
त्वं = तुम
वै = वास्तव में
प्रसन्ना = प्रसन्न होने पर
भुवि = पृथ्वी पर
मुक्तिहेतुः = मुक्ति का कारण हो

तुम अत्यंत बलशाली वैष्णवी शक्ति हो, तुम संसार की बीज (उत्पत्ति का कारण) पर माया हो, तुमने इस सारे जगत को सम्मोहित किया है, वास्तव में तुम ही प्रसन्न होने पर पृथ्वी पर मुक्ति का कारण हो ।

विद्याः समस्तास्तव देवि भेदाः
स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु ।
त्वयैकया पूरितमम्बयैतत्
का ते स्तुतिः स्तव्यपरापरोक्तिः ॥ ६॥

विद्याः = विद्याएं
समस्ता:= सारी
तव = तुम्हारा
देवि = देवी
भेदाः= रूप हैं
स्त्रियः = स्त्रियां
समस्ताः = सभी
सकला = सारा
जगत्सु = संसार में
त्वयैकया त्वया एकया= एकमात्र तुम्ही से पूरितम = व्यापत है
अम्बया = हे अम्बा
एतत् = ये
का = कौन
ते = तुम्हारी
स्तुतिः = स्तुति कर सकता है
स्तव्यपरा= स्तवन से परे
परोक्तिः= वाणी से परे

सारे संसार में सभी विद्याएं, सभी स्त्रियां तुम्हारे ही रूप हैं । हे अम्बा ये संसार एकमात्र तुम्ही से व्याप्त है, तुम्हारी स्तुति कौन कर सकता है, तुम स्तवन से परे (और) वाणी से परे हो ।

सर्वभूता यदा देवी भुक्तिमुक्तिप्रदायिनी ।
त्वं स्तुता स्तुतये का वा भवन्तु परमोक्तयः ॥ ७॥

सर्वभूता = सर्वस्वरूपा
यदा = जब
देवी = देवी

स्वर्ग मुक्ति प्रदायिनी = स्वर्ग और मोक्ष देने वाली हो त्वं = तुम्हारी
स्तुता = स्तुति की जाती है
स्तुतये = स्तुति के लिए
का = क्या
वा =तब
भवन्तु = होगी
परमोक्तयः= इससे उत्तम उक्तियाँ

हे देवी जब स्वर्ग और मोक्ष देने वाली हो, सर्वस्वरूपा हो (कह कर) तुम्हारी स्तुति की जाती है, तब स्तुति के लिए इससे उत्तम उक्तियाँ क्या होगी ।

सर्वस्य बुद्धिरूपेण जनस्य हृदि संस्थिते ।
स्वर्गापवर्गदे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ ८॥

सर्वस्य = सब के
बुद्धिरूपेण = बुद्धि के रूप में
जनस्य = लोगों के
हृदि = ह्रदय में
संस्थिते = स्थित हो
स्वर्गापवर्गदे = स्वर्ग और मोक्ष प्रदान करने वाली
देवि नारायणि नमोऽस्तु ते = नारायणी देवी आप को नमस्कार है ।

सब लोगों के ह्रदय में बुद्धि रूप में हो, स्वर्ग और मोक्ष प्रदान करने वाली नारायणी देवी आप को नमस्कार है ।

कलाकाष्ठादिरूपेण परिणामप्रदायिनि ।
विश्वस्योपरतौ शक्ते नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ ९॥

कलाकाष्ठादिरूपेण = कला काष्ठ(समय गणना) आदि के रूप में परिणामप्रदायिनि = परिणाम(बदलाव) देने वाली
विश्वस्य = संसार का
उपरतौ = उपसंहार (प्रलय, समाप्ति) करने में
शक्ते = समर्थ
नारायणि नमोऽस्तु ते = नारायणी तुम्हें नमस्कार है

कला काष्ठ आदि के रूप में परिणाम देने वाली, संसार का उपसंहार (प्रलय, समाप्ति) करने में समर्थ नारायणी तुम्हें नमस्कार है ।

सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १०॥

सर्व मंगल मांगल्ये= सभी मंगलों में मंगलमयी
शिवे= कल्याणकारी
सर्व अर्थ साधिके = सभी मनोरथों को सिद्ध करने वाली

शरण्ये = शरणागत वत्सला,शरण ग्रहण करने योग्य
त्रयम्बके= तीन नेत्रों वाली
गौरी= शिवपत्नी
नारायणी= विष्णुपत्नी
नमः अस्तु ते= तुम्हे नमस्कार है

तुम्ही शिव पत्नी, तुम्ही नारायण पत्नी अर्थात भगवान के सभी स्वरूपों के साथ तुम्हीं जुडी हो, तुम्हे नमस्कार है.

सृष्टिस्थितिविनाशानां शक्तिभूते सनातनि ।
गुणाश्रये गुणमये नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ ११॥

सृष्टिस्थितिविनाशानां = सृष्टि पालन और संहार की
शक्तिभूते = शक्ति भूता
सनातनि = सनातनी(शाश्वत) देवी
गुणाश्रये = गुणों(सत्व, रजस, तमस) का आधार
गुणमये = सर्व गुणमयी
नारायणि = नारायणी
नमोऽस्तु ते = तुम्हे नमस्कार है

सृष्टि पालन और संहार की शक्तिभूता सनातनी(शाश्वत) देवी, गुणों(सत्व, रजस, तमस) का आधार, सर्व गुणमयी नारायणी तुम्हे नमस्कार है ।

शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे ।
सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १२॥

शरणागत = शरण में आये
दीन = दुखी
आर्त= पीड़ित
परित्राण = रक्षा में
परायणे= संलग्न
सर्वस्य= सब की
आर्ति= पीड़ा को
हरे = हरने वाली

शरण में आये, दुखियों और पीड़ितों की रक्षा में संलग्न, सब की पीड़ा को हरने वाली देवी नारायणी तुम्हें नमस्कार है ।

हंसयुक्तविमानस्थे ब्रह्माणीरूपधारिणि ।
कौशाम्भःक्षरिके देवि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १३॥

हंसयुक्तविमानस्थे = हंस जुते विमान पर बैठी ब्रह्माणीरूपधारिणि= ब्रह्माणी का रूप धारण कर कौशाम्भःक्षरिके= कुश मिश्रित जल छिड़कने वाली
देवि नारायणि नमोऽस्तु ते =नारायणी देवी तुम्हे नमस्कार है ।

ब्रह्माणी का रूप धारण कर हंस जुते विमान पर बैठी कुश मिश्रित जल छिड़कने वाली नारायणी देवी तुम्हे नमस्कार है ।

त्रिशूलचन्द्राहिधरे महावृषभवाहिनि ।
माहेश्वरीस्वरूपेण नारायणि नमोऽस्तुते ॥ १४॥

त्रिशूल चन्द्र अहि धरे = त्रिशूल, चन्द्र, सांप धारण करने वाली महावृषभवाहिनि = महा वृष के वाहन वाली
माहेश्वरीस्वरूपेण = माहेश्वरी के रूप में
नारायणि नमोऽस्तुते= नारायणी तुम्हे नमस्कार है

माहेश्वरी के रूप में त्रिशूल, चन्द्र, सांप धारण करने वाली, महा वृष के वाहन वाली नारायणी तुम्हे नमस्कार है ।

मयूरकुक्कुटवृते महाशक्तिधरेऽनघे ।
कौमारीरूपसंस्थाने नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १५॥

मयूरकुक्कुटवृते = मोरों और मुर्गों से घिरी
महाशक्तिधरे = महा शक्ति धारण करने वाली
अनघे = निष्पाप
कौमारीरूपसंस्थाने = कौमारी रूप धारण करने वाली
नारायणि नमोऽस्तु ते = नारायणी तुम्हे नमस्कार है

मोरों और मुर्गों से घिरी, महा शक्ति धारण करने वाली, निष्पाप, कौमारी रूप धारण करने वाली नारायणी तुम्हे नमस्कार है ।

शङ्खचक्रगदाशार्ङ्गगृहीतपरमायुधे ।
प्रसीद वैष्णवीरूपे नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १६॥

शङ्ख चक्र गदा शार्ङ्ग = शङ्ख चक्र गदा शार्ङ्ग धनुष आदि
गृहीत परमायुधे = उत्तम हथियारों को धारण करने वाली
प्रसीद = प्रसन्न हो जाओ
वैष्णवीरूपे = वैष्णवी के रूप में
नारायणि नमोऽस्तु ते= नारायणी तुम्हे नमस्कार है

वैष्णवी के रूप में शङ्ख चक्र गदा शार्ङ्ग धनुष आदि उत्तम हथियारों को धारण करने वाली नारायणी तुम्हे नमस्कार है ।

गृहीतोग्रमहाचक्रे दंष्ट्रोद्धृतवसुन्धरे ।
वराहरूपिणि शिवे नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १७॥

गृहीत उग्रमहाचक्रे = भयानक महाचक्र लिए
दंष्ट्र उद्धृत वसुन्धरे = दाढ़ों पर पृथ्वी को धारण करने वाली वराहरूपिणि = वाराही के रूप में
शिवे = कल्याणकारी
नारायणि नमोऽस्तु ते = नारायणी तुम्हे नमस्कार है

वाराही के रूप में भयानक महाचक्र लिए, दाढ़ों पर पृथ्वी को धारण करने वाली कल्याणकारी नारायणी तुम्हे नमस्कार है ।

नृसिंहरूपेणोग्रेण हन्तुं दैत्यान् कृतोद्यमे । त्रैलोक्यत्राणसहिते नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १८॥

नृसिंहरूपेण उग्रेण = भयंकर नृसिंह के रूप में
हन्तुं = मारने का
दैत्यान् = दैत्यों को
कृत उद्यमे= उद्योग करने वाली
त्रैलोक्य त्राण सहिते = त्रिलोक की रक्षा में लीन
नारायणि नमोऽस्तु ते = नारायणी तुम्हें नमस्कार है

भयंकर नृसिंह के रूप में दैत्यों को मारने का उद्योग करने वाली त्रिलोक की रक्षा में लीन नारायणी तुम्हें नमस्कार है ।

किरीटिनि महावज्रे सहस्रनयनोज्ज्वले ।
वृत्रप्राणहरे चैन्द्रि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १९॥

किरीटिनि = मुकुट धारण करने वाली
महावज्रे = महाव्रज लिए
सहस्रनयनोज्ज्वले= हजारों आँखों से उज्जवल
वृत्रप्राणहरे= वृत्रसुर के प्राण हरने वाली
च = और
एन्द्रि = इन्द्रशक्ति रूपा
नारायणि नमोऽस्तु ते = नारायणी तुम्हें नमस्कार है

मुकुट धारण करने वाली, महाव्रज धारण करने वाली, हजारों आँखों से उज्जवल और वृत्रसुर के प्राण हरने वाली इन्द्रशक्ति रूपा नारायणी तुम्हें नमस्कार है ।

शिवदूतीस्वरूपेण हतदैत्यमहाबले ।
घोररूपे महारावे नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ २०॥

शिवदूतीस्वरूपेण = शिवदूती के रूप में
हतदैत्यमहाबले = दैत्यों की महान सेना को मारने वाली
घोररूपे = भयंकर रूप वाली
महारावे = महान गर्जना वाली
नारायणि नमोऽस्तु ते = नारायणी तुम्हें नमस्कार है

शिवदूती के रूप में दैत्यों की महान सेना को मारने वाली, भयंकर रूप वाली ,महान गर्जना वाली नारायणी तुम्हें नमस्कार है ।

दंष्ट्राकरालवदने शिरोमालाविभूषणे ।

चामुण्डे मुण्डमथने नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ २१॥

दंष्ट्राकरालवदने = दाढ़ों से भयानक मुख वाली शिरोमालाविभूषणे = सिरों की माला से सुशोभित
चामुण्डे = चामुण्डा
मुण्डमथने = मुंड मर्दनी
नारायणि नमोऽस्तु ते= नारायणी तुम्हें नमस्कार है

दाढ़ों से भयानक मुख वाली, सिरों की माला से सुशोभित मुंड मर्दनी चामुण्डा नारायणी तुम्हें नमस्कार है ।

लक्ष्मि लज्जे महाविद्ये श्रद्धे पुष्टि स्वधे ध्रुवे । महारात्रि महामाये नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ २२॥

लक्ष्मि = लक्ष्मी
लज्जे = लज्जा
महाविद्ये = महाविद्या
श्रद्धे = श्रद्धा
पुष्टि = पुष्टि
स्वधे = स्वधा
ध्रुवे= ध्रुवा
महारात्रि = महारात्रि
महामाये = महामाया रूपा
नारायणि नमोऽस्तु ते = नारायणी तुम्हे नमस्कार है

लक्ष्मी, लज्जा, महाविद्या, श्रद्धा, पुष्टि, स्वधा, ध्रुव, महारात्रि, महामाया रूपा नारायणी तुम्हें नमस्कार है ।

मेधे सरस्वति वरे भूति बाभ्रवि तामसि ।
नियते त्वं प्रसीदेशे नारायणि नमोऽस्तुते ॥ २३॥

मेधे = मेधा
सरस्वति = सरस्वती
वरे = वारा (श्रेष्ठ)
भूति = भूति (ऐश्वर्यरूपा)
बाभ्रवि = पार्वती
तामसि = तामसी (काली)
नियते = नियता (सन्यम्परायणा)
त्वं = तुम
प्रसीदे=प्रसन्न हो जाओ
ईशे = ईश्वरी

नारायणि नमोऽस्तुते नारायणी तुम्हे नमस्कार है

मेधा, सरस्वती,वरा (श्रेष्ठ), भूति (ऐश्वर्यरूपा) , बाभ्रवि (पार्वती) , तामसी (काली), नियता (सन्यम्परायणा), तुम प्रसन्न हो जाओ हे ईश्वरी नारायणी तुम्हें नमस्कार है ।

सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते । भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते ॥ २४॥

सर्वस्वरूपे = सर्वस्वरूपा
सर्वेशे = सर्वेश्वरी
सर्वशक्तिसमन्विते = सब प्रकार की शक्तियों से सम्पन्न
भयेभ्य: त्राहि = सब भयों से रक्षा कीजिये
नो = हमारी
देवि = देवी
दुर्गे देवि = हे दुर्गे देवी
नमः अस्तु ते = तुम्हे नमस्कार है

सर्वस्वरूपा, सर्वेश्वरी तथा सब प्रकार की शक्तियों से सम्पन्न देवी सब भयों से हमारी रक्षा कीजिये | हे दुर्गे देवी तुम्हें नमस्कार है |

एतत्ते वदनं सौम्यं लोचनत्रयभूषितम् ।
पातु नः सर्वभीतिभ्यः कात्यायनि नमोऽस्तु ते ॥ २५॥

एतत् = ये
ते = तुम्हारा
वदनं = मुख
सौम्यं = सौम्य
लोचन त्रय भूषितम्= तीन नयनों से सुसज्जित
पातु = रक्षा करे
नः = हमारी
सर्वभूतेभ्यः = सब भयों से
कात्यायनि नमोऽस्तु ते= कात्यायनि तुम्हे नमस्कार है

तीन नयनों से सुसज्जित ये तुम्हारा सौम्य मुख सब भयों से हमारी रक्षा करे । हे कात्यायनि तुम्हें नमस्कार है ।

ज्वालाकरालमत्युग्रमशेषासुरसूदनम् ।
त्रिशूलं पातु नो भीतेर्भद्रकालि नमोऽस्तु ते ॥ २६॥

करालम् = विकराल
अत्युग्रम्= अत्यंत उग्र
अशेष असुरसूदनम्= सभी असुरों क संहार करने वाला त्रिशूलं = त्रिशूल
पातु= रक्षा करे
नो = हमारी
भीते= भय से
भद्रकालि = भद्रकाली
नमोऽस्तु ते =तुम्हें नमस्कार है

हे भद्रकाली,जवालों से विकराल, अत्यंत उग्र,सभी असुरों क संहार करने

वाला तुम्हारा त्रिशूल भय से हमारी रक्षा करे, तुम्हें नमस्कार है ।

हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत् ।
सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्योऽनः सुतानिव ॥ २७॥

हिनस्ति =नष्ट करता है
दैत्य तेजांसि = दैत्यों के तेज को
स्वनेन आपूर्य = आवाज़ से व्याप्त करता है
या = जो
जगत् = संसार को
सा = वह
घण्टा = घंटा
पातु = रक्षा करे
नो = हमारी
देवि = हे देवी
पापेभ्यो = पापों से
नः = हमारी
सुतानिव = पुत्रों के समान

हे देवी जो घंटा दैत्यों के तेज को नष्ट करता है, संसार को आवाज़ से व्याप्त करता है वह हमारी पुत्रों के समान पापों से रक्षा करे ।

असुरासृग्वसापङ्कचर्चितस्ते करोज्ज्वलः ।
शुभाय खड्गो भवतु चण्डिके त्वां नता वयम् ॥ २८॥

असुरासृग्वसापङ्क चर्चित:= असुरों के खून और चर्बी से चर्चित ते =वह
करोज्ज्वलः = हाथों में चमकती
शुभाय = शुभ
खड्गो = तलवार
भवतु = हो
चण्डिके त्वां नता वयम्= हे चण्डिका हम आपको नमन करते हैं

असुरों के खून और चर्बी से चर्चित, हाथों में चमकती वह तलवार (हमारे लिए) शुभ हो । हे चण्डिका हम आपको नमन करते हैं ।

रोगानशेषानपहंसि तुष्टा
रुष्टा तु कामान् सकलानभीष्टान् ।
त्वामाश्रितानां न विपन्नराणां
त्वामाश्रिता ह्याश्रयतां प्रयान्ति ॥ २९॥

रोगान्= रोगों को
अशेषान् = सब
अपहंसि = नष्ट कर देती हो
तुष्टा= प्रसन्न होने पर
रुष्टा = कुपित होने पर
तु = और

कामान् = कामनाओं का
सकलान्= सभी
अभीष्टान् = इच्छित
त्वाम् = तुम्हारी
आश्रितानां = शरण में आये न विपत् = विपत्ति नही आती नराणां = नरों को
त्वाम् = तुम्हारे
आश्रिता: = आश्रित
हि=निश्चित रूप से
आश्रयतां = शरण
प्रयान्ति = प्रदान करते हैं

प्रसन्न होने पर सब रोगों को और कुपित होने पर सब कामनाओं को नष्ट कर देती हो, तुम्हारी शरण में आये नारों को विपत्ति नहीं आती, निश्चित रूप से तुम्हारे आश्रित (दूसरों को) शरण प्रदान करते हैं ।

एतत्कृतं यत्कदनं त्वयाद्य
धर्मद्विषां देवि महासुराणाम् ।
रूपैरनेकैर्बहुधात्ममूर्तिं
कृत्वाम्बिके तत्प्रकरोति कान्या ॥ ३०॥

एतत् कृतं = जो किया है
यत्= जो
कदनं = वध, विनाश
त्वया= तुम्हारे द्वारा
अद्य = आज
धर्मद्विषां = धर्म विरोधी देवि = देवी
महासुराणाम् = महासुरों का रूपै:= रूप
अनेकै: = कई
बहुधा= अलग प्रकार के
आत्ममूर्तिं= अपने स्वरूपको कृत्वा= करके
अम्बिके = अम्बिका
तत्= वह
प्रकरोति = करेगा
का= कौन
अन्या = दूसरा

देवी आज तुम्हारे द्वारा जो अपने स्वरुप के कई अलग प्रकार के रूप कर के धर्मविरोधी महासुरों का विनाश किया है, वह हे अम्बिके दूसरा कौन करेगा ।

विद्यासु शास्त्रेषु विवेकदीपे-
ष्वाद्येषु वाक्येषु च का त्वदन्या ।

ममत्वगर्तेऽतिमहान्धकारे विभ्रामयत्येतदतीव विश्वम् ॥ ३१॥

विद्यासु = विद्याओं में शास्त्रेषु = शास्त्रों में विवेकदीपेषु = दर्शन शास्त्र आद्येषु = आदि, प्रथम
वाक्येषु = वाक्यों में
च = और
का = कौन है
त्वदन्या = तुम्हारे इलावा ममत्वगर्ते= ममता के गर्त में
अतिमहान्धकारे= अत्यंत अंधकारमय
विभ्रामयति = घुमाती हो
एतत = इस
अतीव =अत्यंत
विश्वम् = विश्व को

विद्याओं में,शास्त्रों में, दर्शन शास्त्र में और आदि वाक्यों (वेदों) में तुम्हारे इलावा और कौन है, ममता के अत्यंत अंधकारमय गर्त में इस विश्व को बहुत ज्यादा घुमाती हो, (वो भी तुम ही हो) ।

रक्षांसि यत्रोग्रविषाश्च नागा
यत्रारयो दस्युबलानि यत्र ।
दावानलो यत्र तथाब्धिमध्ये
तत्र स्थिता त्वं परिपासि विश्वम् ॥ ३२॥

रक्षांसि = राक्षस
यत्र = जहां
उग्रविषा:= भयंकर विष वाले
च = और
नागा= सांप
यत्र= जहां
अरयो = शत्रु
दस्युबलानि = लुटेरों की सेना यत्र = जहां
दावानलो = दावानल (जंगल की आग) यत्र = जहां
तथा = इसी प्रकार
अब्धिमध्ये = समुन्दर के बीच में
तत्र = वहां
स्थिता = रह कर
त्वं = तुम
परिपासि = रक्षा करती हो
विश्वम्= विश्व की

जहां राक्षस हों, जहां भयंकर विष वाले सांप हों, जहां शत्रु हों,

लुटेरों की सेना हो, जहां दावानल हो, इसी प्रकार समुन्दर के बीच में स्थित रह कर तुम विश्व की रक्षा करती हो ।

विश्वेश्वरि त्वं परिपासि विश्वं
विश्वात्मिका धारयसीति विश्वम् ।
विश्वेशवन्द्या भवती भवन्ति
विश्वाश्रया ये त्वयि भक्तिनम्राः ॥ ३३॥

विश्वेश्वरि= विश्व की अधीश्वरी
त्वं = तुम
परिपासि = रक्षा करती हो
विश्वं= विश्व की
विश्वात्मिका = विश्व की आत्मा हो
धारयसि धारण करती है
विश्वं = विश्व को
इह = इस
विश्वेश वन्द्या = विश्वनाथ की वन्दनीय हो भवती = आप
भवन्ति= होते हैं
विश्वाश्रया = विश्व को आश्रय देने वाले
ये = जो
त्वयि = तुम्हारी
भक्तिनम्राः= भक्ति से नतमस्तक है

विश्व की अधीश्वरी तुम विश्व की रक्षा करती हो,विशव को धारण करने वाली विश्व की आत्मा हो, आप विश्वनाथ की वन्दनीय हो, जो तुम्हारी भक्ति से नतमस्तक हैं वे विश्व को आश्रय देने वाले होते हैं ।

देवि प्रसीद परिपालय नोऽरिभीते-
र्नित्यं यथासुरवधादधुनैव सद्यः ।
पापानि सर्वजगतां प्रशमं नयाशु
उत्पातपाकजनितांश्च महोपसर्गान् ॥ ३४॥

देवि =हे देवी
प्रसीद = प्रसन्न हो जाओ
परिपालय = रक्षा करो
न:= हमारी
अरिभीते- शत्रुओं के भय से
नित्यं = हमेशा
यथा= जिस प्रकार
असुरवधात् = असुरों के वध से अधुना एव = अभी
सद्यः = आज
पापानि = पापों को
सर्वजगतां = सारे जगत के
प्रशमं नय: = नष्ट कर दो
आशु = शीघ्र ही
उत्पातपाकजनितान् = उत्पात और पापों से उत्पन्न

महोपसर्गान् = बड़े उपद्रवों को

हे देवी प्रसन्न हो जाओ, शत्रुओं के भय से हमारी रक्षा करो जिस प्रकार असुरों का वध कर आज अभी की है । सारे जगत के पापों और उत्पात और पापों से उत्पन्न बड़े उपद्रवों को शीघ्र ही नष्ट कर दो ।

प्रणतानां प्रसीद त्वं देवि विश्वार्तिहारिणि । त्रैलोक्यवासिनामीड्ये लोकानां वरदा भव ॥ ३५॥

प्रणतानां = प्रणाम करते हैं
प्रसीद = प्रसन्न हो जाओ
त्वं = तुम
देवि = हे देवी
विश्व आर्तिहारिणि = विश्व की पीड़ा हरने वाली
त्रैलोक्यवासिनाम् = तीनों लोकों के वासियों की
ईड्ये = पूजनीय
लोकानां = लोगों को
वरदा = वरदान देने वाली
भव= हो जाओ

विश्व की पीड़ा हरने वाली हे देवी हम प्रणाम करते हैं तुम प्रसन्न हो जाओ, तीनों लोकों के वासियों की पूजनीय लोगों को वरदान देने वाली हो जाओ ।

देव्युवाच ॥ ३६॥

देवी बोलीं ।

वरदाहं सुरगणा वरं यन्मनसेच्छथ ।
तं वृणुध्वं प्रयच्छामि जगतामुपकारकम् ॥ ३७॥

वरदाहं = मैं वर देती हूँ
सुरगणा - हे सुरगण
वरं = वर
यत् मनस इच्छथ = जो मन चाहे
तं = उसे
वृणुध्वं = मांगो
प्रयच्छामि = प्रदान करुँगी
जगताम् = जगत के
उपकारकम्= उपकार के लिए

हे सुरगण मैं वार देती हूँ, जो मन चाहे मांगों, जगत के उपकार के लिए उस वर को प्रदान करुँगी ।

देवा ऊचुः ॥ ३८॥

देवता बोले ।

सर्वाबाधाप्रशमनं त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरि ।
एवमेव त्वया कार्यमस्मद्वैरिविनाशनम् ॥ ३९॥

सर्वा बाधा प्रशमनं = सब बाधाओं का शमन करो त्रैलोक्यस्य = तीनों लोकों की अखिलेश्वरि= हे अखिलेश्वरी
एवमेव = इसी प्रकार ही
त्वया = तुम
कार्यम्= करती रहो
अस्मत्= हमारे
वैरि विनाशनम् = शत्रुओं का विनाश

हे अखिलेश्वरी तीनों लोकों की सब बाधाओं का शमन करो इसी प्रकार ही त्वया हमारे शत्रुओं का विनाश करती रहो ।

देव्युवाच ॥ ४०॥

देवी बोलीं ।

वैवस्वतेऽन्तरे प्राप्ते अष्टाविंशतिमे युगे ।
शुम्भो निशुम्भश्चैवान्यावुत्पत्स्येते महासुरौ ॥ ४१॥

वैवस्वते अन्तरे = वैवस्वत मन्वन्तर
प्राप्ते = आने पर
अष्टाविंशतिमे युगे = अठाईसवाँ युग
शुम्भो निशुम्भ = शुम्भो निशुम्भ
च= और
एव अन्ये = जैसे दूसरे
उत्पत्स्येते = उत्पन्न होंगे
महासुरौ = महासुर

वैवस्वत मन्वन्तर में अठाईसवाँ युग आने पर शुम्भ और निशुम्भ जैसे दूसरे महासुर उत्पन्न होंगे ।

नन्दगोपगृहे जाता यशोदागर्भसम्भवा ।
ततस्तौ नाशयिष्यामि विन्ध्याचलनिवासिनी ॥ ४२॥

नन्दगोपगृहे = नन्दगोपके घर में
जाता = उत्पन्न हो
यशोदागर्भसम्भवा= यशोदा के गर्भ से
तत:= तब
तौ= उन दोनों का
नाशयिष्यामि = नाश करुँगी

विन्ध्याचलनिवासिनी= विन्ध्याचलनिवासिनी के रूप में

तब नन्दगोपके घर में यशोदा के गर्भ से उत्पन्न हो विन्ध्याचलनिवासिनी के रूप में उन दोनों का नाश करुँगी ।

पुनरप्यतिरौद्रेण रूपेण पृथिवीतले ।
अवतीर्य हनिष्यामि वैप्रचित्तांस्तु दानवान् ॥ ४३॥

पुन:= दुबारा
अपि = भी
अतिरौद्रेण = अत्यंत भयंकर
रूपेण = रूप में
पृथिवीतले =भूमि पर
अवतीर्य = अवतरित हो
हनिष्यामि = वध करुँगी
वैप्रचित्तां = वैप्रचित्ता
दानवान् = दानवों का

दुबारा भी अत्यंत भयंकर रूप में अवतरित हो वैप्रचित्ता दानवों का वध करुँगी ।

भक्षयन्त्याश्च तानुग्रान् वैप्रचित्तान् महासुरान् ।
रक्ता दन्ता भविष्यन्ति दाडिमीकुसुमोपमाः ॥ ४४॥

भक्षयन्त्या:= खाने से
च = और
तान् उग्रान् = उन भयानक
वैप्रचित्तान् महासुरान्= वैप्रचित्त महासुरों को
रक्ता = लाल
दन्ता = दांत
भविष्यन्ति = हो जाएंगे
दाडिमीकुसुम उपमाः= अनार के फूल के सामान

और उन भयानक वैप्रचित्त महासुरों को खाने से अनार के फूल के सामान लाल दांत हो जाएंगे ।

ततो मां देवताः स्वर्गे मर्त्यलोके च मानवाः ।
स्तुवन्तो व्याहरिष्यन्ति सततं रक्तदन्तिकाम् ॥ ४५॥

ततो = तब
मां = मेरी
देवताः = देवता
स्वर्गे = स्वर्ग में
मर्त्यलोके = मृत्युलोक में
च = और
मानवाः= मनुष्य

स्तुवन्तो = स्तुति करेंगे
व्याहरिष्यन्ति = कहते हुए
सततं = हमेशा
रक्तदन्तिकाम् = रक्तदन्तिका

तन स्वर्ग में देवता और मृत्युलोक में मनुष्य हमेशा रक्त दन्तिका कहते हुए मेरी स्तुति करेंगे ।

भूयश्च शतवार्षिक्यामनावृष्ट्यामनम्भसि ।
मुनिभिः संस्मृता भूमौ सम्भविष्याम्ययोनिजा ॥ ४६॥

भूयश्च = और दुबारा
शतवार्षिक्याम् = सौ वर्षों तक
अनावृष्ट्याम् = बारिश न होने से
अनम्भसि = पानी के अभाव में
मुनिभिः = मुनियों के
संस्मृता = स्तुति करने पर
भूमौ = भूमि पर
सम्भविष्यामि= प्रकट होउंगी
अयोनिजा = अयोनिजा रूप में

और दुबर सौ वर्षों तक बारिश न होने से पृथ्वी पर पानी के अभाव में मुनियों के स्तुति करने पर अयोनिजा रूप में प्रकट होउंगी ।

ततः शतेन नेत्राणां निरीक्षिष्यामि यन्मुनीन् । कीर्तयिष्यन्ति मनुजाः शताक्षीमिति मां ततः ॥ ४७॥

ततः = तब
शतेन = सौ
नेत्राणां = नेत्रों से
निरीक्षिष्यामि= देखूंगी
अहम्= मैं
मुनीन् = मुनियों को
कीर्तयिष्यन्ति = कीर्तन करेंगे
मनुजाः = मनुष्य
शताक्षीम् इति= शताक्षी नाम से
मां = मेरी
ततः = तब

तब मैं सौ नेत्रों से मुनियों को देखूंगी, मनुष्य तब शताक्षी के नाम से मेरा कीर्तन करेंगे ।

ततोऽहमखिलं लोकमात्मदेहसमुद्भवैः ।
भरिष्यामि सुराः शाकैरावृष्टेः प्राणधारकैः ॥ ४८॥

अहम्= मैं

अखिलं = सारे
लोकम् = संसार का
आत्मदेह समुद्भवैः = अपनी देह पर उत्पन्न
भरिष्यामि = भरण पोषण करुँगी
सुराः = हे देवताओं
शाकै: = शाकों से
आवृष्टेः = बारिश न होने तक
प्राणधारकैः= प्राण दायक

हे देवताओं तब मैं बारिश न होने तक अपनी देह पर उत्पन्न प्राण दायक शाकों से सारे संसार का भरण पोषण करुँगी ।

शाकम्भरीति विख्यातिं तदा यास्याम्यहं भुवि ।
तत्रैव च वधिष्यामि दुर्गमाख्यं महासुरम् ॥ ४९॥

शाकम्भरीति = शाकम्भरी नाम से
विख्यातिं = ख्याति
तदा = तब
यास्यामि = प्राप्त करुँगी
भुवि = पृथ्वी पर
तत्रैव = वहीँ
च = और
वधिष्यामि = वध करुँगी
दुर्गमाख्यं = दुर्गम कहे जाने वाले
महासुरम् = महासुर का

तब मैं पृथ्वी पर शाकम्भरी नाम से ख्याति प्राप्त करुँगी और वहीँ दुर्गम कहे जाने वाले महासुर का वध करुँगी ।

दुर्गादेवीति विख्यातं तन्मे नाम भविष्यति ।
पुनश्चाहं यदा भीमं रूपं कृत्वा हिमाचले ॥ ५०॥

दुर्गादेवी इति = दुर्गा देवी इसप्रकार
विख्यातं = प्रसिद्द
तत मे = तब मेरा
नाम = नाम
भविष्यति = होगा
पुनश्च = और दुबारा
अहं = मैं
यदा = जब
भीमं = भीम
रूपं = रूप
कृत्वा = करके
हिमाचले = हिमाचल पर

तब मेरा नाम दुर्गादेवी इस प्रकार प्रसिद्ध होगा, और दुबारा जब माओं

हिमाचल पर भीम रूप करके...

रक्षांसि भक्षयिष्यामि मुनीनां त्राणकारणात् ।
तदा मां मुनयः सर्वे स्तोष्यन्त्यानम्रमूर्तयः ॥ ५१॥

रक्षांसि = राक्षसों को
भक्षयिष्यामि = खाऊँगी
मुनीनां = मुनियों की
त्राणकारणात् = रक्षा के लिए
तदा = तब
मां = मुझे
मुनयः मुनि
सर्वे = सब
तोष्यन्ति = स्तुति करेंगे
नम्रमूर्तयः= नतमस्तक हो

मुनियों की रक्षा के लिए आक्षसों को खाऊँगी तब सब मुनि नतमस्तक हो कर स्तुति करेंगे ।

भीमादेवीति विख्यातं तन्मे नाम भविष्यति । यदारुणाख्यस्त्रैलोक्ये महाबाधां करिष्यति ॥ ५२॥

भीमादेवी इति = भीमा देवी इस प्रकार
विख्यातं = प्रसिद्द
तन्मे = तब मेरा
नाम = नाम
भविष्यति = होगा
यदा = जब
अरुणाख्य= अरुण नाम का (असुर)
त्रैलोक्ये = तीनों लोकों में
महाबाधां = महा उपद्रव
करिष्यति = करेगा

तब मेरा नाम भीमा देवी इस प्रकार प्रसिद्द होगा । जब अरुण नाम का (असुर) तीनों लोकों में महा उपद्रव करेगा...

तदाहं भ्रामरं रूपं कृत्वाऽसंख्येयषट्-पदम् ।
त्रैलोक्यस्य हितार्थाय वधिष्यामि महासुरम् ॥ ५३॥

तदा अहं = तब मैं
भ्रामरं = भ्रामर
रूपं= रूप
कृत्वा= करके
असङ्ख्येय = असंख्य
षट्पदम् = छह पैरों वाले त्रैलोक्यस्य= तीनों लोकों के हितार्थाय = हित के लिए

वधिष्यामि = वध करुँगी
महासुरम् = महासुर का

तब मैं छह पैरों वाले असंख्य भ्रामरों का रूप कर के तीनों लोकों के हित के लिए महासुर का वध करुँगी ।

भ्रामरीति च मां लोकास्तदा स्तोष्यन्ति सर्वतः ।
इत्थं यदा यदा बाधा दानवोत्था भविष्यति ॥ ५४॥

भ्रामरी इति = भ्रामरी इस प्रकार
च = और
मां = मेरी
लोका:= लोग
तदा = तब
स्तोष्यन्ति = स्तुति करेंगे सर्वतः = सब
इत्थं = इस प्रकार
यदा यदा = जब जब
बाधा = बाधा
दानव = दानवों द्वारा
उत्था = खड़ी
भविष्यति = होगी

और तब सब लोग मेरी भरामृ इस प्रकार स्तुति करेंगे । इस प्रकार जब जब दानवों द्वारा बाधा खड़ी होगी...

तदा तदावतीर्याहं करिष्याम्यरिसंक्षयम् ॥ ५५॥

तदा तदा= तब तब
अवतीर्या= अवतार ले कर
अहं = मैं
करिष्यामि = करुँगी
अरिसङ्क्षयम् =शत्रुओं का संहार

तब तब अवतार ले कर मैं शत्रुओं का संहार करुँगी ।

॥ स्वस्ति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये नारायणीस्तुतिर्नामैकादशोऽध्यायः ॥ ११॥
द्वादशोऽध्यायः
ध्यानम्
ॐ विद्युद्दामसमप्रभां मृगपतिस्कन्धस्थितां भीषणां
कन्याभिः करवालखेटविलसद्धस्ताभिरासेविताम्।
हस्तैश्चक्रगदासिखेटविशिखांश्चापं गुणं तर्जनीं बिभ्राणामनलात्मिकां शशिधरां दुर्गां त्रिनेत्रां भजे।।

विद्युद्दामसमप्रभां = बिजली की चमक के सामान आत्भहा वाली

मृगपतिस्कन्धस्थितां = सिंह के कंधे पर बैठी
भीषणां = भयानक
कन्याभिः = कन्याओं से
करवाल खेट विलसद्धस्ताभि: = चमकती तलवार, ढाल लिए
सेविताम्= सेवित
हस्तैश्चक्रगदा असिखेटविशिखांश्चापं =हाथों में चक्र गदा तलवार ढाल बाण, तीर, धनुष
गुणं = पाश
तर्जनीं = तर्जनी मुद्रा
बिभ्राणाम = धारण किये
अनलात्मिकां = अग्निमय स्वरुप वाली
शशिधरां = चन्द्रमा धारण किये

दुर्गां त्रिनेत्रां भजे तीन नेत्रों वाली दुर्गा का ध्यान करते हैं

बिजली की चमक के सामान आत्भहा वाली, सिंह के कंधे पर बैठी, भयानक चमकती तलवार, ढाल लिए कन्याओं से सेवित, हाथों में चक्र गदा तलवार ढाल बाण, तीर, धनुष, पाश, तर्जनी मुद्रा धारण किये, अग्निमय स्वरुप वाली, चन्द्रमा का मुकुट धारण किये, तीन नेत्रों वाली दुर्गा का ध्यान करते हैं ।

ॐ देव्युवाच ॥ १॥

देवी बोलीं ।

एभिः स्तवैश्च मां नित्यं स्तोष्यते यः समाहितः ।
तस्याहं सकलां बाधां शमयिष्याम्यसंशयम् ॥ २॥

एभिः =इन
स्तवै= स्तुतियों से
च = और
मां = मेरी
नित्यं = रोज़
स्तोष्यते = स्तुति करेगा यः = जो
समाहितः एकाग्रचित्त हो
तस्याहं = उसकी मैं
सकलां = सभी
बाधां = बाधाओं को
शमयिष्याम्य = नष्ट कर दूंगी
असंशयम् = बिना शक के, निश्चित ही
जो इन स्तुतियों से एकाग्रचित्त हो नित्य

मेरी स्तुति करेगा उसकी सभी बाधाओं को मैं निश्चित ही नष्ट कर दूंगी ।

मधुकैटभनाशं च महिषासुरघातनम् ।
कीर्तयिष्यन्ति ये तद्वद् वधं शुम्भनिशुम्भयोः ॥ ३॥

मधुकैटभनाशं = मधु कैटभ के नाश
च = और
महिषासुरघातनम् = महिषासुर के संहार का
कीर्तयिष्यन्ति = कीर्तन करेंगे
ये =जो
तद्वत् = वैसे ही
वधम् = वध का
शुम्भनिशुम्भयोः = शुम्भ निशुम्भ के

जो मधु कैटभ के नाश, महिषासुर के संहार का और वैसे ही शुम्भ निशुम्भ के वध का कीर्तन करेंगे ।

अष्टम्यां च चतुर्दश्यां नवम्यां चैकचेतसः ।
श्रोष्यन्ति चैव ये भक्त्या मम माहात्म्यमुत्तमम् ॥ ४॥

अष्टम्यां = अष्टमी
च = और
चतुर्दश्यां = चतुर्दशी
नवम्यां = नवमी
चैकचेतसः एकाग्रचित्त हो
श्रोष्यन्ति = श्रवण
च= और
एव = ही
ये = जो
भक्त्या = भक्तिपूर्वक
मम = मेरे
माहात्म्यम उत्तमम् = उत्तम माहात्मय का

जो भक्तिपूर्वक मेरे उत्तम माहात्मय का एकाग्रचित्त हो अष्टमी, चतुर्दशी और नवमी को श्रवण ही करेंगे

न तेषां दुष्कृतं किञ्चिद् दुष्कृतोत्था न चापदः ।
भविष्यति न दारिद्र्यं न चैवेष्टवियोजनम् ॥ ५॥

न = नही
तेषां = उन से
दुष्कृतं = पाप
किञ्चित्= कुछ
दुष्कृतोत्था = पाप जनित
न = न
चापदः = आपत्तियां
भविष्यति = होंगी
न = ना
दारिद्र्यं = दरिद्रता
न च एव= और न ही
इष्टवियोजनम्= प्रियजनों का विछोह होगा

□ □□□□□ □□□□ □□□□ □□□□□ , □ □□□□□□□□ □□□□□□□□□□ □□□□□□ , □ □□□□□□□□□□ □□□□□, □
□□□□□□□□□□ □□ □□□□□□ □□□□□ □

□□□□□□□□□□ □ □□□□ □□□□□ □□□□□□□□ □□ □ □□□□□□ □
□ □□□□□□□□□□□□□□□□□□□□ □□□□□□□□ □□□□□□□□□□□□□ □ □□

□□□□□□□□□□□ = □□□□□□□□ □□
□ = □
□□□□ = □□
□□□□□ = □□□□□
□□□□□□□□ = □□□□□□□□□
□□= □□
□ = □
□□□□□□= □□□□□□□ □□
□ = □
□□□□□□□ □□□□ □□□□□□□□□□ = □□□□□□□□ , □□□□□□ , □□□□□□□ □□
□□□□□□□□ = □□□□
□□□□□□□□□□□□□= □□□□□

□□□□□ □ □□□□□□□□ □□ , □ □□□□□□□□ □□ □□ □□□□□□□ □□ , □ □□□□□□□□ , □□□□□□ ,
□□□□□□□ □□ □□□□ □□ □□□□□ □

□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□ □□□□□□□□□ □□□□□□□□□ □
□□□□□□□□□□ □ □□□□ □□□□□□□□ □□□□ □□□□□□□□□□□□□ □□ □□□□ □ □□

□□□□□□□□ = □□□□□□
□□ □□□□□ □□□□□□□□□□□□ = □□□□□ □□ □□□□□□□□□□□
□□□□□□□□□ = □□□□□
□□□□□□□□□ = □□□□□□□□□□□□□ □□
□□□□□□□□□□ = □□□□□□
□ = □□
□□□ - □□□
□□□□□□□□ = □□□□□□ □□□□□□□
□□□□ = □□□□
□□□□□□□□□□□□□ = □□□□□□□□□□□□
□□□□ = □□
□□= □□□□□□□□ □□□□ □□

□□□□□□ □□□□□□□□□□□□□ □□ □□□□□ □□ □□□□□□□□□□ □□□□□□□□□□□□□ □□□□ □□□□□ □□ □□□□□
□□ □□□□□□□□□□□□ □□ □□□□ □□□□□□□□□□□□ □□ □

□□□□□□□□□□□□□□□□□□□ □□□□□□□□□□□□□□□□□□□ □
□□□□ □□□□□□□□□□□□□□□□□ □□□□□□□□□□□□ □□□□□□□□□ □ □□

□□□□□□□□□□□ = □□□□□□

अशेषान् = सभी
तु = और
महामारी समुद्भवान् = महामारी से उत्पन्न
तथा = इसी प्रकार
त्रिविधम उत्पातं = तीन प्रकार के उत्पातों को
माहात्म्यं= माहात्मय
शमयेन्= शांत करने वाला है

मम= मेरा मेरा माहात्म्य सभी रोगों और और इसी प्रकार महामारी से उत्पन्न तीन प्रकार के उत्पातों को शांत करने वाला है ।

यत्रैतत्पठ्यते सम्यङ्नित्यमायतने मम ।
सदा न तद्विमोक्ष्यामि सांनिध्यं तत्र मे स्थितम् ॥ ९॥

यत्र एतत्= जहां ये
पठ्यते =पढ़ा जाता है
सम्यक् = विधिपूर्वक
नित्यम् = रोज़
आयतने = घर
मम = मेरा
सदा = हमेशा
न = नहीं
तत् =वह
विमोक्ष्यामि = छोड़ती
सांनिध्यं = सानिध्य
तत्र = वहां
मे = मेरा
स्थितम् = स्थित रहता है

जहां मेरा ये माहात्म्य विधिपूर्वक नियम से पढ़ा जाता है, वह घर नहीं छोड़ती, वहां हमेशा मेरा सानिध्य स्थित रहता है ।

बलिप्रदाने पूजायामग्निकार्ये महोत्सवे ।
सर्वं ममैतच्चरितमुच्चार्यं श्राव्यमेव च ॥ १०॥

बलिप्रदाने = बलि दान
पूजायाम् = पूजा
अग्निकार्ये = होम
महोत्सवे = महोत्सव में
सर्वं = सब को
मम= मेरे
एतत् चरित = इस माहात्म्य का उच्चार्यं = उच्चारण करना श्राव्यम् = श्रवण
एव = निश्चित रूप से
च= और

बलिदान, पूजा, होम, महोत्सव में सबको मेरे इस माहात्म्य का निश्चित रूप से उच्चारण और श्रवण करना चाहिए ।

जानताजानता वापि बलिपूजां यथा कृताम् ।
प्रतीक्षिष्याम्यहं प्रीत्या वह्निहोमं तथाकृतम् ॥ ११॥

जानताजानता वा= (विधि) जानते हुए अथवा न जानते हुए
अपि = भी
बलिपूजां= बलि पूजा
तथा= इसी प्रकार
कृताम् = करता है
प्रतीक्षिष्यामि= ग्रहण करुँगी
अहं = मैं
प्रीत्या = प्रेम से
वह्निहोमं = यज्ञ
तथा= इसी प्रकार
कृतम् = करता है

इसीप्रकार विधि जानते हुए अथवा न जानते हुए भी बलि पूजा करता है, इसी प्रकार यज्ञ करता है, मैं प्रेम से ग्रहण करुँगी ।

शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी ।
तस्यां ममैतन्माहात्म्यं श्रुत्वा भक्तिसमन्वितः ॥ १२॥

शरत्काले = शरत काल में
महापूजा = महापूजा
क्रियते = करते हैं
या = जो
च = और
वार्षिकी = वार्षिक
तस्यां = उस में
मम एतत माहात्म्यं = मेरे इस माहात्म्य को
श्रुत्वा = सुनते हैं
भक्तिसमन्वितः = भक्तिपूर्वक

शरत्काल में जो वार्षिक महापूजा करते हैं और उस में मेरे इस माहात्मय को भक्तिपूर्वक सुनते हैं

सर्वाबाधाविनिर्मुक्तो धनधान्यसमन्वितः ।
मनुष्यो मत्प्रसादेन भविष्यति न संशयः ॥ १३॥

सर्वाबाधा= सब बाधाओं
विनिर्मुक्तो =से मुक्त
धन धान्य सुतान्वितः = धन धान्य,पुत्रों से युक्त मनुष्यो = मनुष्य
मत्प्रसादेन =मेरे प्रसाद से
भविष्यति = होगा

न संशयः =बिना संशय के

वे मनुष्य मेरे प्रसाद से बिना संशय के सब बाधाओं से मुक्त, धन धान्य,पुत्रों से युक्त होंगे ।

श्रुत्वा ममैतन्माहात्म्यं तथा चोत्पत्तयः शुभाः । पराक्रमं च युद्धेषु जायते निर्भयः पुमान् ॥ १४॥

श्रुत्वा = सुन कर
मम एतत माहात्म्यं = मेरे इस माहात्म्य को
तथा = इसी प्रकार
च = और
उत्पत्तयः = उत्पत्ति
शुभाः = शुभ
पराक्रमं = पराक्रम को
च = और
युद्धेषु = युद्ध के
जायते = हो जाएगा
निर्भयः = निर्भय
पुमान् = मनुष्य

मेरे इस माहात्म्य को और इसी प्रकार शुभ उत्पत्ति और युद्ध के पराक्रम को सुन कर मनुष्य निर्भय हो जाएगा ।

रिपवः सङ्क्षयं यान्ति कल्याणं चोपपद्यते ।
नन्दते च कुलं पुंसां माहात्म्यं मम शृण्वताम् ॥ १५॥

रिपवः = शत्रु
सङ्क्षयं = नष्ट
यान्ति = हो जाते हैं
कल्याणं = कल्याण की
च= और
उपपद्यते = प्राप्ति होती है नन्दते = आनंदित होता है
च = और
कुलं = कुल
पुंसां = मनुष्य के
माहात्म्यं= माहात्म्य को
मम = मेरे
शृण्वताम् = सुनाने से

मेरे माहात्मय के सुनाने से मनुष्य के शत्रु नष्ट हो जाते हैं और कल्याण की प्राप्ति होती है और कुल आनंदित होता है ।

शान्तिकर्मणि सर्वत्र तथा दुःस्वप्नदर्शने ।
ग्रहपीडासु चोग्रासु माहात्म्यं शृणुयान्मम ॥ १६॥

शान्तिकर्मणि = शान्ति कर्मों में सर्वत्र = सभी
तथा = इसी प्रकार
दुःस्वप्नदर्शने = बुरे सपने दिखाई देने पर ग्रहपीडासु = ग्रह पीड़ा में
च = और
उग्रासु = भयंकर
माहात्म्यं = माहात्म्य को
शृणुयात् = सुनना चाहिए
मम= मेरा

सभी शान्ति कर्मों में और इसी प्रकार बुरे सपने दिखाई देने पर और भयंकर ग्रह पीड़ा में मेरे माहात्म्य को सुनना चाहिए ।

उपसर्गाः शमं यान्ति ग्रहपीडाश्च दारुणाः ।
दुःस्वप्नं च नृभिर्दृष्टं सुस्वप्नमुपजायते ॥ १७॥

उपसर्गाः = विघ्न
शमं = शांत
यान्ति = हो जाती हैं
ग्रहपीडा = ग्रह पीड़ाएं
च = और
दारुणाः = भयंकर
दुःस्वप्नं= बुरे स्वप्न
च = और
नृभि:= मनुष्यों द्वारा
दृष्टं = देखे गए
सुस्वप्नम् = शुभ स्वप्न
उपजायते = हो जाते हैं

विघ्न और भयंकर ग्रह पीड़ाएं शांत हो जाती हैं और मनुष्यों द्वारा देखे गए बुरे स्वपन शुभ स्वप्न हो जाते हैं ।

बालग्रहाभिभूतानां बालानां शान्तिकारकम् ।
सङ्घातभेदे च नृणां मैत्रीकरणमुत्तमम् ॥ १८॥

बालग्रहा अभिभूतानां = बालग्रहों से व्याकुल
बालानां =बालकों के लिए
शान्तिकारकम् = शान्तिकारक है
सङ्घातभेदे = संगठन में फूट होने से
च = और
नृणां = मनुष्यों के
मैत्रीकरणम् = मित्रता कराने वाला है उत्तमम्= उत्तम

बालग्रहों से व्याकुल बालकों के लिए शान्तिकारक है और मनुष्यों के संगठन में फूट होने से उत्तम मित्रता कराने वाला है ।

दुर्वृत्तानामशेषाणां बलहानिकरं परम् ।
रक्षोभूतपिशाचानां पठनादेव नाशनम् ॥ १९॥

दुर्वृत्तानाम= दुराचारियों के
अशेषाणां = सभी
बलहानिकरं = बल का नाश करने वाला
परम् = परम
रक्षोभूतपिशाचानां = राक्षसों, भूतों, पिशाचों का
पठनादेव = पढ़ने से ही
नाशनम् = नाश कर देता है

महातम्य को पढ़ने से ही सभी दुराचारियों के परम बल का नाश करने वाला (और) राक्षसों, भूतों, पिशाचों का नाश कर देता है ।

सर्वं ममैतन्माहात्म्यं मम सन्निधिकारकम् ।
सर्वं = सब
ममैतन्माहात्म्यं = मेरा ये माहात्मय
मम = मेरा

सन्निधिकारकम् = सामीप्य कराने वाला है

मेरा ये सब माहात्मय मेरा सामीप्य कराने वाला है ।

पशुपुष्पार्घ्यधूपैश्च गन्धदीपैस्तथोत्तमैः ॥ २०॥

पशु पुष्प अर्घ्य धूपैश्च= पशु, फूल, अर्ध्य और धुप गन्ध दीपै: तथा उत्तमैः = इसी प्रकार उत्तम गंध, दीप से

पशु, फूल, अर्ध्य, धुप और इसी प्रकार उत्तम गंध, दीप से

विप्राणां भोजनैर्होमैः प्रोक्षणीयैरहर्निशम् ।
अन्यैश्च विविधैर्भोगैः प्रदानैर्वत्सरेण या ॥ २१॥

भोजनै: = भोजन
होमैः = होम
प्रोक्षणीयै: = अभिषेक
अहर्निशम्= प्रतिदिन
अन्यै:= अन्य
च = और
विविधै: भोगैः = अनेक प्रकार के भोग प्रदानै: प्रदान करने से
वत्सरेण = एक साल तक
या = जो

साल भर प्रतिदिन ब्राह्मणों को भोजन, होम,अभिषेक और अनेक प्रकार के अन्य भोग प्रदान कर

प्रीतिर्मे क्रियते सास्मिन् सकृत्सुचरिते श्रुते ।
श्रुतं हरति पापानि तथाऽऽरोग्यं प्रयच्छति ॥ २२॥

प्रीति: मे = मुझे प्रसन्न
क्रियते = करते हैं
सा = वह, उतनी
अस्मिन् = इस
सकृतचरिते = उत्तम चरित्र को
श्रुते= सुनने से होती हूँ
श्रुतं =सुनने पर
हरति = हरती हूँ
पापानि = पाप
तथा= इसी प्रकार
आरोग्यं प्रयच्छति = आरोग्य प्रदान करती हूँ

मुझे प्रसन्न करते हैं, उतनी (प्रसन्न मैं) इस उत्तम चरित्र को सुनने से होती हूँ, इसे सुनने पर मैं पाप हारती हूँ, इसी प्रकार आरोग्य प्रदान करती हूँ ।

रक्षां करोति भूतेभ्यो जन्मनां कीर्तनं मम ।
युद्धेषु चरितं यन्मे दुष्टदैत्यनिबर्हणम् ॥ २३॥

तस्मिञ्छ्रुते वैरिकृतं भयं पुंसां न जायते ।

रक्षां = रक्षा
करोति = करता है
भूतेभ्यो = भूतों से
जन्मनां = उत्पत्ति का
कीर्तनं = कीर्तन
मम = मेरी
युद्धेषु = युद्ध का
चरितं = चरित्र है
यन्मे = जो मेरा
दुष्टदैत्यनिबर्हणम् = दुष्ट दैत्यों के संहार का

तस्मिञ्छ्रुते = उसके सुनने से
वैरिकृतं = शत्रुओं द्वारा उत्पन्न
भयं = भय
पुंसां = मनुष्यों को

न जायते = नहीं रहता

मेरी उत्पत्ति का कीर्तन भूतों से रक्षा करता है । दुष्ट दैत्यों के

संहार का जो मेरा चरित्र है उसके सुनने से शत्रुओं द्वारा उत्पन्न भय मनुष्यों को नहीं रहता ।

युष्माभिः स्तुतयो याश्च याश्च ब्रह्मर्षिभिः कृताः ॥ २४॥

ब्रह्मणा च कृतास्तास्तु प्रयच्छन्ति शुभां मतिम् ।

युष्माभिः = तुम ने
स्तुतयो = स्तुति
याश्च = और जो
याश्च = और जो
ब्रह्मर्षिभिः ब्रह्म ऋषियों ने
कृताः = की है

ब्रह्मणा च = और ब्रह्मा ने कृता:= की है
ता: = वे
तु = वास्तव में
प्रयच्छन्तु = देती है
